



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच






वर्ष : 26 | अंक : 199 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 11 जुलाई, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# लखीमपुर खीरी में बाढ़ का कहर

## उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखीमपुर खीरी और कुशीनगर में बाढ़ का कहर जारी है। शारदा-घाघरा



नदियां उफनाने से करीब 150 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। धौरहरा तहसील के गांव रैनी समदहा के 250 ग्रामीण शारदा नदी के उस तलहटी में फंस गए। इसका पता चला तो प्रशासन ने बाढ़ से घिरे ग्रामीणों को रेस्क्यू कराना शुरू किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कुशीनगर के बाढ़ग्रस्त इलाकों का हवाई दौरा किया तथा बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों को राहत सामग्री बांटी।

लखीमपुर खीरी में बाढ़ से हाल बेहाल एनडीआरएफ टीम ने गुरुवार 11 बजे तक 18 ग्रामीणों को रेस्क्यू किया है। करीब 20 वर्ष पहले आई बाढ़ के समय समदहा गांव के कटान पीड़ित शारदा नदी के पार बस गए थे। इस बार की बाढ़ में यह ग्रामीण फंस गए। ग्रामीणों के रेस्क्यू को लेकर एसडीएम राजेश कुमार मौके पर मौजूद हैं। पीड़ित परिवारों को लंच पैकेट पहुंचाए जा रहे हैं।

सम्पूर्णानगर थाना क्षेत्र को पीलीभीत के हजारा से जोड़ने वाली सड़क पर निर्माणाधीन पुलिया बाढ़ के पानी में बह गई। इससे सम्पूर्णानगर चीनी मिल से थाना हजारा के रामनगर, शांतिनगर,गांधी नगर, कबीरगंज आदि का आवागमन मुश्किल हो गया है। कुछ दिन पूर्व ही लोक निर्माण विभाग ने पुलिया निर्माण शुरू कराया था। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश में अनुमानित बारिश 8.6 के सापेक्ष 2.3 मिली मीटर रिकॉर्ड की गई जो सामान्य से 74 प्रतिशत कम है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

### मुनक नहर टूटी, जेजे कालोनी में भरा पानी

**दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा से दिल्ली पानी की सप्लाई के लिए आने वाली मुनक नहर बवाना में रात 2:30 बजे पानी का अधिक दबाव होने की वजह से टूट गई हैं। पानी बवाना जेजे कॉलोनी इलाके में भर रहा है। नहर को सही करने का कार्य रात को ही शुरू कर दिया गया है।



उम्मीद जताई जा रही है कि शाम तक नहर सही कर दी जाएगी। उधर नहर टूटने के कारण नांगलोई और द्वारका जल शोधक संयंत्र ठप हो गए हैं। इसके अलावा हैदरपुर जल शोधन संयंत्र पर भी प्रभाव पड़ा है। हालांकि, इस संयंत्र में पश्चिमी यमुना नहर से पानी भेजा जा रहा है।

# गर्भवती पत्नी को ससुरालियों ने पिलाई सल्फास मिली दवाई

## दहेज में 10 लाख रुपये न लाने पर करते थे प्रताड़ित

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दहेज में 10 लाख रुपए न मिलने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को सल्फास खिलाकर जान से मारने का प्रयास किया। समय पर डॉक्टरी उपचार मिलने से विवाहिता की जान बच गई। उसने थाना इकोटेक-3 में पति व ससुराल वालों के खिलाफ जहर देकर मारने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक-3 में दर्ज कराई रिपोर्ट में काम्या (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी शादी 23 दिसंबर 2023 को ग्राम सोनपुर निवासी विपिन पुत्र करतार के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही उसके पति विपिन, ससुर करतार, सास सुमन, ननद करिश्मा ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। विपिन उस पर मायके से 10 लाख रुपए लाने का दबाव डाल रहे थे। उसने जब पैसे लाने से इनकार किया तो उसे प्रताड़ित किया जाने लगा।

काम्या के मुताबिक 6 माह की गर्भवती होने के कारण वह अपने मायके में रह रही थी। 28 मई को उसके पेट में तेज दर्द उठा जिसकी सूचना उसने अपने पति को दी। महिला के मुताबिक उसका पति विपिन घर से दवाई की शीशी लेकर आया और पानी में मिलाकर उसे पिलाने का प्रयास किया। दवाई से बहुत तेज दुर्गंध आ रही थी। इस पर उसने अपनी मां को दवाई दिखाइ। काम्या के मुताबिक उसकी मां ने बताया कि दवाई में सल्फास जैसी महक आ रही है। इस पर उसने दवाई फेंक दी। 7 जून को विपिन उसे अपने घर सुनपुरा ले आया। 17 जून को उसके पेट में एक बार फिर दर्द हुआ। इस पर विपिन एक बार फिर दवाई लेकर आया और उसे जबरन पिलाने का प्रयास करने लगा। दवाई की शीशी में से सल्फास जैसी महक आने की वजह से उसने जब दवाई पीने से मना कर दिया। इस पर उसकी सास सुमन, ननद करिश्मा ने जबरदस्ती उसका मुंह पकड़ लिया और उसके पति ने जबरन उसे दवाई पिला दी। दवाई पीते ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ने देखकर आस-पड़ोस के लोगों ने ससुराल वालों पर उसे अस्पताल में भर्ती करने का दवाब डाला। इस पर ससुराल वाले उसे पहले नवीन अस्पताल ले गए जहां से उसे यशोदा अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि सल्फास खाने की वजह से उसकी हालत बिगड़ी है। काम्या के मुताबिक ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे सल्फास खिलाकर जान से करने का प्रयास किया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, जान से मारने का प्रयास करने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## पापा पर FIR, बच्चा चला रहा था बाइक

**नोएडा (चेतना मंच)।** नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने के लिए देने वाले अभिभावकों के खिलाफ नोएडा पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने सड़कों पर वाहन दौड़ने वाले नाबालिक चालकों के खिलाफ अभियान छेड़ा हुआ है। इस अभियान के तहत पुलिस ने नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन चलाए जाने पर 9 वाहनों को सीज किया तथा पांच वाहन स्वामियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर कमिश्नरेट गौतमबुधनगर में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से नाबालिक बच्चों द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर वाहन चलाने (शेष पृष्ठ-4 पर)

# बीमारी से तंग छात्रा ने लगाई फांसी

## घरेलू कलह में विवाहिता ने दी जान

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थानों पर एक महिला व किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला ने घरेलू कलह तथा किशोरी ने बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या की है।

मूल रूप से हाथरस निवासी विनोद अपनी पत्नी शिवानी के साथ सुत्याना गांव में किराए पर रह रहा है। वह पास की एक दुकान में मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता था। बुधवार की दोपहर को जब वह खाना खाने घर पहुंचा तो उसकी पत्नी शिवानी फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। उसने पड़ोसियों की मदद से उसे फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर थाना ईकोटेक-3 में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर मृतका के परिजनों को सूचना दी। मृतका के परिजनों ने उसके पति पर हत्या का संदेह जताया हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है पर उन्होंने अभी कोई लिखित तहरीर नहीं दी है।

वहीं थाना फेस-3 क्षेत्र के गढ़ी चौखंडी गांव में किराए पर रहने वाले रानू मिस्त्री की (16 वर्षीय) बेटी पूजा ने (शेष-4 पर)

### जहर खाने से युवक की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** जहर खाने की वजह से गंभीर हालत में भर्ती कराए गए युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना सेक्टर 126 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि ग्वालियर की किरार कॉलोनी में रहने वाले (24 वर्षीय) गिरिराज गुर्जर को गंभीर हालत में सेक्टर-132 स्थित जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान गिरिराज की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि गिरिराज ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था शुरुआत में उसे ग्वालियर के अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे जेपी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## मशीन के नीचे दबकर मजदूर की दर्दनाक मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** फेस-2 स्थित एक कंपनी में मशीन शिफ्ट करते समय मजदूर हादसे का शिकार हो गया। मशीन के नीचे दबने के कारण मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई।

मूल रूप से अलीगढ़ निवासी (54 वर्षीय) सत्य प्रकाश पुत्र बलवीर जलपुरा गांव में किराए पर रह रहा था। वह बुधवार को फेस 2 की एक कंपनी में मशीन शिफ्ट करने के लिए आया था। शिफ्टिंग के दौरान संतुलन बिगड़ने के कारण मशीन सत्य प्रकाश के ऊपर गिर गई। इस कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी कर्मियों ने उसे किसी तरह मशीन के नीचे से निकाला। इसके बाद कंपनी प्रबंधन ने उसे गंभीर हालत (शेष पृष्ठ-4 पर)

# बोर्ड बैठक में शामिल करने के लिए सीईओ को भेजे 14 सूत्रीय सुझाव

**नोएडा (चेतना मंच)।** 12 जुलाई को लखनऊ में प्रस्तावित नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में शहर से जुड़ी कई मांगों को शामिल करने के लिए डीडीआरडब्लूए फेडरेशन ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम को 14 सूत्रीय ज्ञापन भेजा है।

डीडीआरडब्ल्यूए फेडरेशन के अध्यक्ष एनपी सिंह तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने भेजे ज्ञापन में मांग की है की बिल्डिंग सेल के आवासीय भूखंड की निर्माण योजना /नक्शा/ ड्राइंग पास करते समय आरडब्ल्यूए से एनओसी प्रमाण पत्र अनिवार्य किया जाए। इस एजेंडे को भी प्रमुखता से बोर्ड बैठक में शामिल किया जाए।

सीईओ को लिखे पत्र में लीज होल्ड संपत्ति को फ्री होल्ड में बदलने, सभी विद्युत लाइनों को ओवरहेड से भूमिगत करने, निर्माण का एफए आर अतिरिक्त होने पर पुरानी दरों पर पेनल्टी वसूलने, लीज रेंट को 11 वर्ष से बढ़कर 15 वर्ष करने की मांग की गई। वही नोएडा प्राधिकरण द्वारा हर सेक्टर में बने बारात घर में फायर फाइटिंग की व्यवस्था करने तथा प्राधिकरण के क्लब में सभी शहर वासियों को एक ही राशि पर सदस्यता देने की मांग की गई। श्री सिंह ने मांग की है कि सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन का नाम सेक्टर 51 रखा जाए। क्योंकि यह स्टेशन सेक्टर-51 में पड़ता है।

# जेई को बंधक बनाना उद्यान चौधरी को पड़ा भारी

## सीईओ ने उद्यान चौधरी को किया निलंबित

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-49 में अतिक्रमण हटाने गई नोएडा प्राधिकरण की टीम का विरोध करना उद्यान चौधरी को भारी पड़ा। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. लोकेश एम ने उद्यान चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया ।

दरअसल 28 जून को नोएडा प्रकरण की एक टीम वर्क सर्कल-3 के तहत सेक्टर-49 स्थित भूखंड संख्या एस.के.-1 तथा एस.के.-2 पर पूर्व आवंटी द्वारा अवैध निर्माण पर कार्यवाही करने तथा अतिक्रमण हटाने पहुंची। प्राधिकरण के उद्यान चौधरी श्री राधे ने करीब 20 लोगों के साथ मिलकर प्राधिकरण के जेई तथा अन्य कर्मचारियों को बंधक बना लिया तथा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का विरोध किया।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोगेश एम ने सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में श्री राधे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। खास बात यह है कि 28 जून को उद्यान खंड प्रथम के साइट ऑफिस सेक्टर-72 में श्री राधे ने उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर भी किए। यानी ड्यूटी के दौरान रहते हुए भी राधे ने नोएडा प्राधिकरण की कार्रवाई का विरोध किया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## बच्चों के विवाद में पड़ोसियों ने युवक को पीटा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के कुलेसरा गांव में बच्चों के विवाद में पड़ोसियों ने एक व्यक्ति के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट में युवक को गंभीर चोटें आई। पुलिस ने साढे चार माह बाद मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम कुलेसरा निवासी तालिब ने बताया कि 22 फरवरी को फिरोज का बेटा इमामुद्दीन गली में साइकिल चला रहा था। इस दौरान आफताब ने इमामुद्दीन को साइकिल चलाने से मना किया। इमामुद्दीन ने जब उसकी बात को अनसुना कर दिया तो आफताब ने उसके कान पर जोरदार थप्पड़ मार दिया। थप्पड़ लगने से इमामुद्दीन के काम से खून बहने लगा। तालिब के मुताबिक बच्चों के पिता फिरोज ने जब इस बात का विरोध किया तो आफताब, (शेष पृष्ठ-4 पर)

**योगी की अभ्युदय कोचिंग :-**




**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर यूपीएससी की परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए अभ्युदय कोचिंग सेंटर शुरू किया गया है। नोएडा स्थित अभ्युदय कोचिंग में यूपीएससी 2024-2025 का नया बैच प्रारंभ हुआ। कोर्स कोऑर्डिनेटर दीपांशु सिंह, पुस्तकालय संरक्षक गणेश जाटव व समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र यहां कोचिंग केंद्र का संचालन कर रहे हैं।**

## छत पर सो रहा था परिवार, घर से जेवरात चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जेवर क्षेत्र के कस्बा में चोरों ने एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात व 15500 रूपये चोरी कर ले गए। कस्बा निवासी प्रीति ने बताया कि 31 मई की रात्रि को वह अपने बच्चों के साथ घर की छत पर सो रही थी। सुबह जब सोकर उठी तो उसे कमरे में घर का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। चोर उसके घर से सोने के 17 तथा चांदी के 10 जेवर व 15500 रूपये चोरी कर ले गए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भाई ने लिया लोन, बहन की मर्फ फोटो की वायरल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** लोन एप से लोन लेने वाले व्यक्ति सावधान हो जाएं। अगर लोन चुकाने में देरी हुई तो आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूल में मिल सकती है। लोन की वसूली के लिए रिकवरी एजेंट आपकी और आपके परिवार की तस्वीरों को मर्फ कर उन्हें वायरल कर आपकी छवि को धूमिल कर सकते हैं। ऐसा ही एक मामला थाना बीटा-2 क्षेत्र में प्रकाश में आया है। लोन की किस्त न चुकाने पर युवक की बहन की मर्फ तस्वीरों को वायरल कर उसे ब्लैकमेल किया गया।

ग्रेटर नोएडा में रहने वाली सलोनी (काल्पनिक नाम) ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि 4 जुलाई की दोपहर उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक अनजान नंबर से उसकी मॉर्फ्ड तस्वीर सेंड की गई। इसके बाद व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा गया कि उसकी यह असली तस्वीर है उसके कॉन्टैक्ट लिस्ट के सभी लोगों के पास भेज दी जाएगी। उसने जब मैसेज का कोई जवाब नहीं दिया तो उक्त नंबर से कॉल आनी शुरू हो गई। उसके फोन उठाने पर अनजान युवक ने उसके साथ गंदी बातें करनी शुरू कर दी और धमकी दी कि वह उसके मर्फ फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा।

कॉल करने वाले ने बताया कि उसके भाई ने एप लोन से लोन लिया है और उसकी किस्त नहीं दी है। अगर 10500 रूपये का भुगतान नहीं किया (शेष-4 पर)

# भोयरा गांव में फायरिंग करने वाले बदमाशों से मुठभेड़

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कोतवाली रबूपुरा क्षेत्र के गांव भोयरा में बीते दिनों खड़ंजे के विवाद में फायरिंग कर तीन लोगों को जख्मी करने के आरोप में वांछित चल रहे बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए जबकि दो बदमाशों को पुलिस ने कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया। पकड़े गए बदमाशों के पास से तीन तमंचे, कारतूस और ब्रेजा गाड़ी बरामद हुई है।

एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि 7 जुलाई को रबूपुरा के गांव भोयरा में रास्ते को लेकर हुए विवाद में फायरिंग करने वाले आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही थी। पुलिस को सूचना



मिली कि भोयरा में फायरिंग करने के आरोप में वांछित चल रहे चारों बदमाश ब्रेजा गाड़ी से भागने के फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर 20 गौर सिटी के पास ब्रेजा कार को रोकने का प्रयास किया। (शेष पृष्ठ-4 पर)



## सड़क पर नदी

बरसात में जलजमाव और उससे शहरों का अस्त-व्यस्त जीवन अब हर वर्ष का स्थायी दृश्य हो गया है, मगर इसके मद्देनजर सरकार को पूर्व तैयारी करने की जरूरत शायद कभी महसूस नहीं होती। सामान्य से थोड़ा अधिक पानी बरसते ही शहरों की सड़कें लबालब हो जाती हैं, मुहल्ले तालाबों में तब्दील हो जाते हैं। लोगों का दफ्तर, स्कूल, व्यवसाय आदि के लिए निकलना मुश्किल हो जाता है। खासकर मुंबई के लोगों को हर वर्ष बरसात में ऐसी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। अभी बरसात का मौसम शुरू ही हुआ है और मुंबई में सड़कों पर पानी भर गया, रेल की पटरियां डूब गईं, कई रेलगाड़ियां रद्द करनी पड़ीं, बसें रुक गईं, कई दफ्तरों और स्कूलों में कामकाज बंद करना पड़ गया। यहां तक कि सोमवार को महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों का कामकाज स्थगित करना पड़ गया। भारी बारिश की वजह से समंदर में ज्वार उठने के संकेत दे दिए गए। बरसात का असर रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली चीजों पर भी पड़ता है। अक्सर इस मौसम में फलों, सब्जियों के दाम इसलिए आसमान छूने लगते हैं कि माल ढुलाई में बाधा आती है। जिन इलाकों में भारी बरसात होती है, वहां फसलें चौपट हो जातीं और सब्जियों का उत्पादन घट जाता है। दिल्ली में बारिश की वजह से थोक मंडियों में सब्जियां नहीं पहुंच पाने से लोगों को ऊंची कीमत चुकानी पड़ रही है। हर वर्ष बरसात में जलभराव को लेकर विधानसभाओं में सवाल उठाए जाते हैं, लोग सड़कों पर उतर कर आंदोलन करते देखे जाते हैं। हर बार आश्वासन दिया जाता है कि जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाएगी, मगर स्थिति फिर भी जस की तस बनी रहती है। पिछले वर्ष दिल्ली में बाढ़ आई और यमुना उफन कर लाल किले तक पहुंच गई, तो काफी शोर मचा था। तब दिल्ली सरकार ने कहा था कि हरियाणा ने बिना चेतावनी दिए पानी छोड़ दिया, इसलिए यह समस्या उत्पन्न हुई। इस वर्ष दावा किया गया था कि पिछले वर्ष जैसी समस्या नहीं आएगी। मगर पहली ही बारिश में जिस तरह कई इलाकों में जलजमाव देखा गया, उससे लगता नहीं कि समस्या का समाधान हो गया है। शहरों में जलजमाव की बड़ी वजह बरसात से पहले नालों की समुचित सफाई न होना पाना है। जिन नालों और नालियों की गाद निकाली जाती है, उसे किनारे पर छोड़ दिया जाता है, जो बरसाती पानी के साथ बह कर फिर से नालियों में भर जाता है। कई जगहों पर जलनिकासी का समुचित प्रबंध न किया जाना भी बड़ी वजह है। जिन इलाकों में अनियोजित तरीके से बस्तियां बसा दी गई हैं, वहां जलनिकासी के इंतजाम नहीं किए गए। जो नालियां बनी भी हैं उनकी पर्याप्त क्षमता नहीं है, जिसके चलते सामान्य से जरा भी अधिक पानी बरसता है, तो उसे निकलने में काफी वक्त लग जाता है। समझना मुश्किल है कि शहरों की नगर पालिकाएं हर वर्ष इस समस्या का सामना करती हैं, फिर भी वे कोई स्थायी समाधान निकालने का प्रयास क्यों नहीं करतीं। महाराष्ट्र विधानसभा में जलभराव को लेकर हंगामा हुआ, दिल्ली में भी इसे लेकर सियासी रस्साकशी हुई। जब-जब समस्या गंभीर होगी, सब इसे राजनीतिक रंग देने का प्रयास करेंगे। मगर जलभराव जैसी समस्या का समाधान इतना जटिल क्यों बना हुआ है, यह समझ से परे है। आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर भी लापरवाही बरती जाती है। इसका नतीजा हर वर्ष लोगों को जलजनित बीमारियों के रूप में भी भुगतना पड़ता है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि आदिकवि श्री वाल्मीकिजी रामनाम के प्रताप को जानते हैं, जो उल्टा नाम (‘मरा’, ‘मरा’) जपकर पवित्र हो गए। श्री शिवजी के इस वचन को सुनकर कि एक राम-नाम सहस्त्र नाम के समान है, पार्वतीजी सदा अपने पति (श्री शिवजी) के साथ राम-नाम का जप करती रहती हैं। उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**हरषे हेतु हेरि हर ही को। किय भूषन तिय भूषन ती को॥**
**नाम प्रभाउ जान सिव नीको। कालकूट फलु दीन्ह अमी को॥**

नाम के प्रति पार्वतीजी के हृदय की ऐसी प्रीति देखकर श्री शिवजी हर्षित हो गए और उन्होंने स्त्रियों में भूषण रूप (पतिव्रताओं में शिरोमणि) पार्वतीजी को अपना भूषण बना लिया। (अर्थात उन्हें अपने अंग में धारण करके अर्धांगिनी बना लिया)। नाम के प्रभाव को श्री शिवजी भलीभाँति जानते हैं, जिस (प्रभाव) के कारण कालकूट जहर ने उनको अमृत का फल दिया॥

**दो0- बरषा रितु रघुपति भगति तुलसी सालि सुदास।**
**राम नाम बर बरन जुग सावन भादव मास॥**

श्री रघुनाथजी की भक्ति वर्षा ऋतु है, तुलसीदासजी कहते हैं कि उत्तम सेवकगण धान हैं और ‘राम’ नाम के दो सुंदर अक्षर सावन-भादो के महीने हैं॥

**आखर मधुर मनोहर दोऊ। बरन बिलोचन जन जिय जोऊ॥**
**ससुमिरत सुलभ सुखद सब काहू। लोक लाहु परलोक निबाहू॥**

दोनों अक्षर मधुर और मनोहर हैं, जो वर्णमाला रूपी शरीर के नेत्र हैं, भक्तों के जीवन हैं तथा स्मरण करने में सबके लिए सुलभ और सुख देने वाले हैं और जो इस लोक में लाभ और परलोक में निर्वाह करते हैं (अर्थात भगवान के दिव्य धाम में दिव्य देह से सदा भगवत्सेवा में नियुक्त रखते हैं।)॥ (क्रमशः..)

# जमीयत जैसे सांप्रदायिक संगठन बेलगाम होंगे ही

भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, इसलिए धर्म के नाम पर किसी भी तरह की सरकारी सहूलियत लोगों को नहीं मिलनी चाहिए। इतना ही नहीं, धार्मिक शिक्षा और धार्मिक त्यौहारों पर किसी भी बहाने राजकोष लुटाने से बचना चाहिए। वहीं, विभिन्न धार्मिक आयोजनों में शांति बनाए रखने के नाम पर होने वाले प्रशासनिक खर्च को भी सम्बन्धित ट्रस्ट/समिति या जनसमूह से वसूलने का स्पष्ट विधान होना चाहिए। यदि ऐसा होगा तो बहुतेरे विरोधाभास स्वतः समाप्त हो जाएगा।




हालांकि, नीतिगत विडंबना है कि भारत में साम्प्रदायिक व जातीय तुष्टिकरण के नाम पर घृणित सियासी खेल खेला जा रहा है, जिसके चक्कर में भोली-भाली जनता और प्रशासनिक लोग दोनों पीस रहे हैं। यदि इसे अविलंब काबू नहीं किया गया तो उसका खामियाजा हमें आज नहीं तो कल निश्चय ही भुगतना प ?गा। मसलन, धर्म को लेकर अंग्रेजों ने जो खेल खेला, उससे देश विभाजन की नौबत आई। वहीं, मुगलों ने जो धार्मिक कट्टरता दिखाए, उससे सामाजिक बिखराव आया, जो आज तक जारी है। बावजूद इसके हमारे लोकतांत्रिक हुक्मरानों ने इन बातों से जज्बातों से कोई सीख नहीं ली, क्योंकि सवाल वोट बैंक का है और उसे शह देने वाले संविधान का है, जिसे संशोधित किये बिना बहुतेरे विरोधाभासों को कतई समाप्त नहीं किया जा सकता।

सीधा सवाल है कि संविधान को शासन-प्रशासन का नीति नियामक बनाना चाहिए, न कि वोट बैंक का! क्योंकि जब यह वोट बैंक का टूल्स बना दिया जाएगा, जैसा कि कांग्रेस, जनता पार्टी आदि और भाजपा के शासकों ने किया है, तो बहुसंख्यक वर्ग के द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग पर अत्याचार किया जाएगा। यहां पर मेरा तातपर्य जातीय और धार्मिक दोनों प्रकार के अल्पसंख्यकों से है। शायद इसलिए ही तो आरक्षण और सामाजिक न्याय, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के बाद अब संविधान बचाओ जैसे भावनात्मक मुद्दे जनमानस को उद्वेलित कर रहे हैं और इन्हें बढ़ावा दिलवाकर पूंजीवादी ताकतें हमारे राष्ट्रीय संसाधनों पर निजी कब्जे जमा रही हैं। इन्हें शह देने में बीजेपी और कांग्रेस दोनों आगे हैं और क्षेत्रीय दल तो इनके पिछलग्गू हैं ही!

ऐसे में सुलगता सवाल है कि क्या एक धर्मनिरपेक्ष देश में महज वोट बैंक के खातिर किसी को धर्म के आधार पर आरक्षण देने के लॉलीपॉप थमाए जा सकते हैं? यदि नहीं तो फिर विभिन्न राज्यों में धार्मिक अल्पसंख्यक लोगों को किस आधार पर आरक्षण दिए जा रहे हैं? यदि यह गलत है तो प्रशासनिक लॉबी और न्यायिक लॉबी खामोश क्यों है?क्या यह संवैधानिक विरोधाभास एक दिन मूल संविधान को ही खत्म नहीं कर देगा? क्योंकि शरिया कानून मानने वाली जमात भारतीय संविधान की कितनी कद्र करती है, वह कुछेक विरोधाभासी मुद्दों पर उनके स्टैंड से ही स्पष्ट है।

यह बात छेड़ने का मेरा मकसद किसी सम्प्रदाय को आहत करने का नहीं है, बल्कि वह बौद्धिक बहस छेड़ने का है, जिससे प्रशासनिक दिग्गज और न्यायिक दिग्गज बचते आये हैं। इसलिए संविधान के चौथे स्तंभ के एक प्रतिनिधि होने के नाते जनमत कायम करने हेतु यह संवैधानिक कमियां आप सुधि पाठकों के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

आपने यह भी देखा, पढ़ा और सुना होगा कि किसी किसी राज्य में धार्मिक अल्पसंख्यकों के मौलवी, गुरू आदि को तो फिक्स मानदेय दिए जा रहे हैं, लेकिन हिन्दू पुजारियों को कुछ भी नहीं! आखिर ऐसा क्यों? क्या यही संवैधानिक धर्मनिरपेक्षता है? इतना ही नहीं, हिंदुओं के मालदार धार्मिक स्थलों खासकर चर्चित मंदिरों के राजस्व पर प्रशासनिक माध्यम से काबिज होकर उनका दूसरों के लिए उपयोग किया जा रहा है, लेकिन अन्य धर्मों के चर्चित उपासना स्थलों के साथ ऐसा नहीं किया जा रहा है? क्या यही धर्मनिरपेक्षता है और संविधान की संरक्षक सुप्रीम कोर्ट तक इन विसंगतियों पर खामोश है! आखिर ऐसा क्यों? क्या ऐसा होने से राष्ट्र गुमराह नहीं हो रहा है?

कहने का तात्पर्य यह कि राजनेताओं के दबाव में प्रशासनिक अधिकारी स्थापित संवैधानिक मूल्यों यानी पंथनिरपेक्षता के खिलाफ जो निर्णय ले रहे हैं, उसे लागू कर रहे हैं, और उनके खिलाफ माननीय न्यायालय तक कोई स्वतः संज्ञान नहीं लेते हैं कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में आप यह सब क्या उलटबांसी कर रहे हैं? तो आखिर इन बातों-जज्बातों को जनमानस के समक्ष कौन ले जाएगा। इसलिए आज मैं यह मुद्दा आपलोगों के बीच उठा रहा हूँ ताकि एक स्पष्ट जनमत कायम करने में मदद मिले।

उपर्युक्त वर्णित मुद्दे तो महज बानगी भर हैं, जबकि बहुतेरी बातें आये दिन बहस में सामने आ रही हैं। अभी हाल ही में जमीयत का एक प्रस्ताव आया है। इसमें उठाई हुई बात छोटी है, लेकिन संदेश खतरनाक! वह यह कि जमीयत ने आह्वान किया है कि मुस्लिम छात्र स्कूलों में सरस्वती वंदना व सूर्य नमस्कार का विरोध करें। ऐसे में ज्वलंत प्रश्न पैदा हो रहा है कि कभी आधुनिक शिक्षा की पैरोकारी करने वाले जमीयत उलेमा-ए-हिन्द शिक्षण संस्थानों में टकराव के नए रास्ते पर आखिर क्यों बढ़ रही है?

> **ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर यह प्रस्ताव ऐसे समय में क्यों लाया गया है, जब मुस्लिम समाज में आधुनिक शिक्षा पर विभिन्न सरकारों के साथ ही बुद्धिजीवियों द्वारा भी जोर दिया जा रहा है। वो भी तब जब एक दिन पहले ही अधिवेशन में खुद जमीयत के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने मुस्लिम युवाओं से आधुनिक शिक्षा के माध्यम से देश की सेवा का आह्वान किया था।**

आखिर वह अपने इस मंसूबे को छात्रों के जरिए अमल में लाने की तैयारी क्यों कर रही है? क्योंकि जिस तरह से जमीयत ने स्कूलों में सरस्वती वंदना, धार्मिक गीतों और सूर्य नमस्कार जैसी गतिविधियों को अधार्मिक बताते हुए मुस्लिम छात्रों से इनका बहिष्कार और विरोध करने का आह्वान किया है, वह कहां तक जायज है। यदि इसी तरह का परस्पर विरोधी आह्वान हिन्दू संगठन अपने हिन्दू छात्रों से करने लगें तो फिर टकराव ब ?गा और गंगा-जमुनी तहजीब का ढिंढोरा पीटने वाले दलों की परेशानी और अधिक बढ़ जाएगी, जो कि बमुश्किल आम चुनाव 2024 में पटरी पर वापस आई है।

एक बात और, जमीयत ने जिस तरह से मुस्लिम छात्रों के लिए आधुनिक शिक्षा के साथ कुरान पढ़ने और कंठस्थ कराने तथा फारसी की शिक्षा देने की जो पैरोकारी की है, वह कितना जायज है? क्या वह इसी तरह की सुविधा हिन्दू धर्मावलंबियों को देने की बात बर्दाश्त कर पाएगा, यदि कोई सरकार ऐसी सकारात्मक पहल करे तो भी! उससे भी बड़ी बात यह कि क्या सभी अलग-अलग धर्मों के लोगों को किसी भी स्कूल में धार्मिक शिक्षा देना मुमकिन है? वो भी ऐसे दौर में जब कॉस्ट कटिंग के चलते कहीं सरकारी स्कूलों के सेक्शन बन्द किये जा रहे हैं तो कहीं विषय तक विलोपित किये जा रहे हैं। आलम यह है कि स्वीकृत शिक्षकों के पद तक को विलोपित किया जा रहा है। उनके स्थान पर अनुबंध पर पढ़ाने वाले शिक्षक रखे जा रहे हैं, जो कैसे छात्र तैयार कर रहे हैं, कुछ कहा नहीं जा सकता!

उल्लेखनीय है कि जमीयत मुख्यालय में जमीयत उलेमा-ए-हिन्द की प्रबंधन समिति के दो दिवसीय अधिवेशन के अंतिम दिन गत शुक्रवार 5 जुलाई को यह प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें मुस्लिम अभिभावकों से यह आग्रह किया गया है कि वह अपने बच्चों में तौहीद (एकेश्वरवाद) के प्रति विश्वास पैदा करें और शैक्षणिक संस्थानों में किसी भी बहुदेववादी प्रथाओं में भाग लेने से बचें। यदि जबर्दस्ती की जाए तो विरोध करें और कानूनी कार्रवाई करें।

ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर यह प्रस्ताव ऐसे समय में क्यों लाया गया है, जब मुस्लिम समाज में आधुनिक शिक्षा पर विभिन्न सरकारों के साथ ही बुद्धिजीवियों द्वारा भी जोर दिया जा रहा है। वो भी तब जब एक दिन पहले ही अधिवेशन में खुद जमीयत के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने मुस्लिम युवाओं से आधुनिक शिक्षा के माध्यम से देश की सेवा का आह्वान किया था। लेकिन अगले ही दिन उन्होंने कहा कि जमीयत विशुद्ध धार्मिक संगठन है। यह आधुनिक शिक्षा के विरोध में नहीं है, लेकिन हमारा स्पष्ट मानना है कि नई पीढ़ी को बुनियादी धार्मिक शिक्षा प्रदान किये बिना स्कूल की शिर्क (किसी को अल्लाह के बराबर दर्जा देना) वाली शिक्षाओं पर आधारित पाठ्यक्रम न पढ़ाया जाए।

इतना ही नहीं, मौलाना महमूद मदनी ने उत्तरप्रदेश के गैर मान्यता प्राप्त 4,204 मदरसों में प? रहे बच्चों को शिक्षा के अधिकार (आरटीई) कानून के तहत अन्य स्कूलों में प्रवेश दिलाने के उत्तरप्रदेश सरकार के निर्णय का भी तीखा विरोध किया। इस पर टकराव वाला रुख अपनाते हुए मदनी ने कहा कि हम स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि इस्लामी मदरसे शिक्षा के अधिकार कानून से अलग हैं। यह अधिकार हमें संविधान ने दिया है, जिसे हम छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। स्वाभाविक है कि संवैधानिक विरोधाभास से ही तो सामाजिक-सांप्रदायिक दर्द निरंतर बढ़ रहा है, जिसका असरकारक दवा ढूंढने में हमारी संसद और विधानमंडल विफल प्रतीत हो रहे हैं। कहने का तातपर्य यह कि बदलते समय के साथ समुचित संशोधन के पहल नहीं किये जा रहे हैं।

वहीं, जमीयत के अधिवेशन में धर्म आधारित आरक्षण की पैरोकारी करते हुए सरकार से मांग की गई कि अनुच्छेद 341 में संशोधन किया जाए, ताकि कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु और केरल राज्यों की तरह मुसलमानों और ईसाइयों को पूरे देश में आरक्षण का अधिकार मिले। ऐसे में एक और सवाल उठ रहा है कि उसने सिख, जैन आदि धार्मिक अल्पसंख्यक लोगों के लिए ऐसे आरक्षण की मांग क्यों नहीं की। वहीं, फलस्तीन मामले में इजरायल को भारत द्वारा हथियार देने, देश में उन्मादी हिंसा, सामान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों को लेकर जमीयत ने सरकार की आलोचना की है। जिससे पता चलता है कि विदेश नीति भी उसके मनमाफिक बने, वह यही चाहता है।

सवाल है कि जो लोग आज समान नागरिक संहिता का विरोध कर रहे हैं, वह समान मतदाता अधिकार का लाभ क्यों उठा रहे हैं? जिन्हें देश में उन्मादी हिंसा से चिंता है, वो अपने मदरसों में ऐसी सीख धर्मविशेष के छात्रों को क्यों दे रहे हैं, जो बात की अब पब्लिक डोमेन में आ चुकी है। उन्हें फलस्तीन की चिंता तो है, लेकिन कश्मीर की नहीं, जहां पाक प्रायोजित आतंकवाद, हिंसा ब्रेक के बाद जारी है।

लोगों की स्पष्ट राय है कि भारतीय संविधान को वकीलों और नेताओं का स्वर्ग नहीं बनने देना चाहिए। इसमें स्पष्ट और पारदर्शी संशोधन होने चाहिए, ताकि किसी को शह देने और किसी को मात देने के आरोप भारतीय संविधान पर नहीं लगे। इसमें समाज के अंतिम व्यक्ति के आंसू पोछने की स्पष्ट व्यवस्था होनी चाहिए, चाहे वह किसी भी जाति और धर्म का हो!

यदि ऐसा नहीं किया गया तो यह और कितने पाकिस्तान देश के अंदर पैदा करेगा, इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। ऐसी साहित्यिक भविष्यवाणी तो कमलेश्वर जी ने दशकों पहले कर रखी है। इसलिए सुलगते समय की मांग है कि या तो पाकिस्तान और बांग्लादेश की सीमाएं खत्म हों या फिर ‘फूहड़’ भारतीय धर्मनिरपेक्ष! जो ऐसी स्पष्ट प्रतिबद्धता दिखायेगा, वही भारत का भावी नेतृत्व बनेगा! आज नहीं तो निश्चय कल। चीन से मुकाबिल होने के लिए यही अचूक रणनीति होगी 21वीं सदी की, जो सुशासन के मार्फत आएगी, नीतिगत भ्रस्टाचार से नहीं!

**- कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक**

## राशिफल

**आषाढ़ शुक्ल पक्ष : पंचमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आर्थिक स्थिति थोड़ी बूझी-बूझी सी महसूस करेंगे आप। बहुत मजेदार नहीं लगेगा। वाणी में ताकत नहीं रहेगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
ऊर्जा का स्तर घटता-बढ़ता रहेगा। बेचैनी, घबराहट बनी रहेगी। प्रेम, संतान का साथ होगा। व्यापार भी सही रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
ऊर्जा का ह्रास होगा। खर्च की अधिकता रहेगी। मन में बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार मध्यम दिख रहा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आय के बहुत स्तोत्र होने के कारण कन्फ्यूज रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। व्यापारिक स्थिति मध्यम है। कोई नए व्यापार की शुरुआत न करें।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भाग्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। यात्रा बहुत मजेदार नहीं होगी। कार्यों में विघ्न-बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। रिस्क लेने लायक नहीं हैं अभी। स्वास्थ्य मध्यम।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। बहुत सारे लोगों के साथ संबंध के चक्कर में न रहें। कोई नहीं मिल पाएगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
शत्रुओं की संख्या में बढ़ोतरी होगी। यद्यपि कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाएगा। कार्यों में विघ्न-बाधा रहेगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
मन कन्फ्यूज रहेगा। बहुत सारे ऑप्शन में आप परेशान रहेंगे। कंसंट्रेशन की प्रॉब्लम होगी। विद्यार्थी परेशानी में रहेंगे।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
घर में बहुत तरीके के लोग इस समय शामिल रहेंगे। जिस की वजह से घरेलू सुख बाधित रहेगा। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी लेकिन नए व्यापार की शुरुआत न करें। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य मध्यम।

## याकूबपुर में हो रही है हर माह करोड़ों की बिजली चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** फेस–2 के याकूबपुर गांव में स्थानीय बिजली कर्मचारियों की मिली भगत से करोड़ों रुपए की बिजली हर महीने चोरी हो रही है, लेकिन इस पर विभाग के आला अफसर कार्रवाई करने से बच रहे हैं।

बताया जाता है कि याकूबपुर गांव एवं चौराहों पर दुकानें लगाकर अवैध बिजली का प्रयोग धल्लड़े से कर रहे हैं। इसकी शिकायत कई बार की गई परंतु कार्रवाई नहीं हो पाई। इस गोरखधंधे में बिजली विभाग के जेई से लेकर संविदा पर काम करने वाले विद्युत कर्मचारी शामिल हैं।

मजे की बात है कि एक तरफ ऊर्जा मंत्री विभाग को कंगाली से उबारने के अभियान में लगे हैं। वहीं संविदा पर काम करने वाले कर्मचारी विद्युत विभाग को कंगाली के कगार पर ले जाने के अभियान में जुटे हैं।

सूत्र बताते हैं कि याकूबपुर चौराहे एवं आसपास बनी में मार्केट में अवैध रूप से बिजली की आपूर्ति कई वर्षों से हो रही है। इसके एवज में संविदा पर काम करने वाले विद्युत कर्मचारी इन दुकानदारों से मोटी रकम वसूलते है। जेई एवं संविदा कर्मचारियों की मिलीभगत से हो रहे करोड़ों की बिजली चोरी की जांच की जाए तो इसमें कई लोगों की गर्दन फंस सकती है। अब देखना यह है कि विद्युत विभाग के आला अफसर इस गोरखधंधे का खुलासा करते हैं या नहीं। यह तो आने वाला समय बताएगा।

## भाकियू (अम्बावता) ने सौंपा ज्ञापन




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सूरजपुर जिला मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के कार्यकर्ताओं ने कल राष्ट्रपति के नाम एक एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देने के दौरान राजकुमार (रूपबास) आशु गुर्जर कपिल,खारी अशोक भाटी मनोज भाटी सुरेश प्रधान अनिल नागर गीता नागर सरोज भाटी जयवीर भूपेंद्र नागर मालती देवी प्रदीप नागर अजमेंदर शौकत अली पूनम गुर्जर जयंती प्रसाद सुमित गुर्जर विनोद यादव युवराज दिनेश हुन उषा देवी मंजू देवी दिनेश शर्मा भीम सिंह भाटी जया सक्सेना अनूप नागर आदि लोग मौजूद थे।

## गाजियाबाद में हुआ किसान एकता संघ का विस्तार

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** किसान एकता संघ की बैठक राजेंद्र नगर गाजियाबाद में सोनिया विज के आवास पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा चौधरी व वंदना चौधरी के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक का संचालन संगठन मंत्री डॉक्टर रवि नगर ने किया।

बैठक में संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रमेश कसाना ने बताया की राजेंद्र नगर गाजियाबाद में सोनिया विज के आवास पर सर्व सम्मति से संगठन का विस्तार किया गया जिसमें सूरजभान तंवर जिला जयपुर को राजस्थान का प्रभारी, तेजवीर चौधरी को उत्तर प्रदेश सचिव, यशपाल तोमर वरिष्ठ उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश प्रभारी, सोनिया विज को उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, डॉली चौधरी को प्रदेश सचिव महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश, कांति तोमर प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश, रागिनी शर्मा प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश तथा उषा वर्मा को प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा मनोनीत किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को पूरी ईमानदारी व निष्ठा से संगठन में कार्य करने की शपथ दिलाई गई।

इस मौके पर राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान, राष्ट्रीय प्रभारी बबली कसाना, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रमेश कसाना, राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ रवि नागर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, उत्तर प्रदेश महासचिव सतीश कनारसी, हापुड़ जिला अध्यक्ष प्रमोद हूण,



उपाध्यक्ष रेखा चौधरी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अखिलेश प्रधान, राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र नागर, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा वंदना चौधरी, उत्तर प्रदेश प्रवक्ता उमेद एडवोकेट, प्रदेश गौतम बुध नगर जिला अध्यक्ष पप्पे नागर, नगर अध्यक्ष दादरी राकेश चौधरी, गाजियाबाद जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सीमा खुटेल सहित अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



भाकियू (बलराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी को कल उनके जन्मदिन पर बधाई देते संगठन के कार्यकर्ता।

## सीटू ने मनाया मांग दिवस

गौतमबुद्धनगर। सी.आई.टी.यू. ने कल पूरे देश के मेहनतकशों की मांगों पर देशव्यापी मांग दिवस मनाने का आह्वान किया था जिसके तहत ही गौतम बुध नगर में विभिन्न वेंडिंग जोन/ बाजारों /कार्य स्थलों एवं औद्योगिक संस्थानों के गेटों पर विरोध प्रदर्शन कर मांग दिवस मनाया गया। तथा सीटू से जुड़ी विभिन्न यूनियनों के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर विरोध प्रदर्शन कर माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार व माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन एसडीएम श्री वेद प्रकाश जी ने लिया और कहा कि वें अपनी संस्तुति के साथ ज्ञापन केंद्र व प्रदेश सरकार को प्रेषित कर दिया जाएगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि केंद्र में फिर से भाजपा सरकार आने के बाद लोकसभा चुनाव में अपने पूंजीपति मित्रों से ली गई मदद चुनाव बाद आमजन के लिए भारी पड़ रही है, दूध, आलू, प्याज, टमाटर और सब्जियों के दाम दुगने हो गए हैं यह सब आम




जनता की जेब काटकर पूंजीपतियों की जेब भरने का काम किया जा रहा है तथा मजदूर विरोधी चार मजदूर कोड़ों को सरकार ने लागू करने की मंशा जाहिर किया है जिसे लागू होने से मजदूर पूरी तरह पूंजी पत्तियों के गुलाम बनकर रह जाएंगे।

उक्त हालातो से सरकार को मैसेज देने के लिए मांग दिवस मना कर सरकार को चेतावनी दी गई है कि यदि सरकार मजदूर विरोधी लेबर कोड़ों को लागू करेगी तो पूरे देश में बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

## बीएसए को लिखा पत्र

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतमबुधनगर को पत्र लिखकर 150 से कम संख्या वाले विद्यालय के प्रधानाध्यापक को समायोजन में जोड़ने पर लिखित में आपत्ति दर्ज कराई है।

बीएसए को अवगत कराया की अन्य जनपदों में प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को समायोजन से अलग रखा है। समायोजन की प्रक्रिया के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को समायोजन में ना जोड़ा जाए।

## कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन




**नोएडा (चेतना मंच)।** मैसर्स– वाइब्राकॉस्टिक नोएडा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बी–190, फेस –2, नोएडा में कार्यरत कर्मचारियों की यूनियन वाइब्राकास्टिक इम्पलाईज यूनियन संबद्ध सीटू के कार्यकर्ताओं ने सीटू के राष्ट्रीय आह्वान के तहत मांग दिवस मनाते हुए संस्थान के गेट पर विरोध प्रदर्शन कर कम्पनी प्रबंधन के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार को मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया।

विरोध प्रदर्शन को सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, जिला सचिव राम स्वारथ, यूनियन के अध्यक्ष विकास, यूनियन के पदाधिकारी सुनील पंडित, हुकम सिंह, मुकेश ठाकुर, अरविंद, सुदेश राघव, भूपेंद्र सिंह, दीपचंद, अमरदीप आदि ने संबोधित किया।


## कार्यालय : उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर नोएडा

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य कर, विभाग नोएडा अपने निष्प्रयोज्य वाहन को नीलाम करने जा रहा है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र सं. | वाहन संख्या व प्रकार | निर्धारित न्यूनतम मूल्य | नीलामी की तिथि एवं समय | नीलामी स्थल | प्रतिभाग करने हेतु आवश्यक डिमांड ड्राफ्ट |
|---|---|---|---|---|---|
| | UP 16 G0261 महेन्द्रा बोलेरो | रु0 84700.00 | दिनांक 29.7.2024 समय : 11.00 प्रात: | राज्य कर कार्यालय भवन सेक्टर–148 नोएडा निकट मेट्रो स्टेशन सेक्टर–148 नोएडा | रु0 5100.00 In Favour Of Deputy Commissioner Admin State Tax Noida |

उपरोक्त वाहन की नीलामी दिनांक 29–07–2024 दिन सोमवार को प्रात: 11.00 बजे से 'जैसा है जहां है' के आधार पर की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले केवल रजिस्टर्ड व्यापारीगण/व्यक्ति नियत तिथि व नियत स्थल पर नीलामी हेतु वर्णित आवश्यक डिमांड ड्राफ्ट अपने साथ लेकर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। नीलामी की वस्तु पर GST टैक्स अतिरिक्त देय होगा।

उपायुक्त ( प्रशासन )
राज्य कर, नोएडा


## बीच सड़क पर ट्रक खड़ा करने पर एफआईआर

**नोएडा (चेतना मंच)।** दलित प्रेरणा स्थल पर बीच सड़क पर ट्रक खड़ा करने की वजह से लगे जाम के कारण ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर ने थाना फेस वन में मुकदमा दर्ज कराया है।

ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर योगेश कुमार सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 8 जुलाई को सूचना मिली कि दलित प्रेरणा स्थल के पास सड़क पर ट्रक खड़ा होने की वजह से लंबा जाम लगा हुआ है। धीरे–धीरे जाम एक्सप्रेस वे तक पहुंच गया।

सूचना मिलने पर वह अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और चालक की तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। ट्रक चालक के लापता होने की वजह से इस व्यस्ततम मार्ग पर घंटे लंबा जाम लग रहा इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने हाइड्रा बुलाकर ट्रक को किनारे कर यातायात को सामान्य कराया।

थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शिकायत में दिए गए ट्रक नंबर के आधार पर चालक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## पथ विक्रेताओं ने किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सीटू के राष्ट्रीय आवाहन पर मांग दिवस कार्यक्रम के तहत पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन गौतम बुध नगर के कार्यकर्ताओं ने बोटैनिकल गार्डन सेक्टर–38, ए नोएडा मेट्रो स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर यूनियन की अध्यक्ष पूनम देवी ने मांग पत्र के मुद्दों व रेहडी पटरी दुकानदारों की समस्याओं को रेखांकित किया।


## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–सर्विस निविदा सूचना संख्या 02-TMC-OS-JE-2024-25 दिनांक 10–07–2024**

उप मुख्य इन्जी०/टीएमसी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित ट्रैक मशीन हेतु ई– सर्विस निविदा आमंत्रित करते हैं :– **क्र0 सं0 : 1. खुली निविदा संख्या तथा खुलने की तिथि : 2. संक्षिप्त विवरण : 3. आवश्यक मात्रा : 4. कार्यस्थल : 5. कार्य समापन अवधि : 6. अनुमानित निविदा मूल्य (रु0) : 7. बयाना राशि (रु0):** 8. पूर्वोत्तर रेलवे में ट्रैक मशीनों पर फिल्ड आपरेशन के लिए मैन पावर सहायक आपरेटर (सीसेई/टीएम)/(जेई/टीएम) की 02 वर्ष की अवधि के लिए आउटसोर्सिंग करना। 1. **02-TMC-OS-JE-2024-25** खोलने की तिथि 05.08.2024 **शेड्यूल**–ए पूर्वोत्तर रेलवे में ट्रैक मशीनों पर फिल्ड आपरेशन के लिए मैन पावर सहायक आपरेटर (सीसेई/टीएम)/(जेई/टीएम) की 02 वर्ष की अवधि के लिए आउटसोर्सिंग करना। **विवरण**– पूर्वोत्तर रेलवे में ट्रैक मशीनों पर फिल्ड आपरेशन के लिए मैन पावर–सहायक आपरेटर (सीसेई/टीएम)/(जेई/टीएम) की 24 माह की अवधि के लिए आउटसोर्सिंग (प्रति माह मैन डेज की सख्या=आवश्यक आपरेटरों की संख्या x 24=29x24=696) संलग्न शिड्यूल के अनुसार। एनइआर के ट्रैक मशीनों पर कार्य करना। 24 माह रु0 4,40,43,109.68 रु0 3,70,200.00 **नोट:**– 1 उपरोक्त ई-खुली सर्विस निविदा से सम्बन्धित सम्पूर्ण सूचना एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट **https://ireps.gov.in/** पर निविदा बन्द होने की तिथि को 15:00 बजे तक रहेगी। 2. उपरोक्त सभी निविदाओं में ई–बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये की की अपना I-T-Act- 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाईट पर पंजीकृत कराये। 3. दर फाइनेन्शियल दर के पेज पर डिजिटल हस्ताक्षर के साथ ही विचार किया जायेगा। इससे इतर वैन्डरों द्वारा अन्य वित्तीय इन्ट्री किसी अन्य रूप/लेटर हेड के साथ संलग्न करने पर विचार नहीं किया जायेगा। 4. संलग्न किये जा रहे प्रपत्र पर निविदाकर्ता का हस्ताक्षर आवश्यक है। 5. बयाना राशि ऑनलाईन जमा किया जायेगा। 6. जो निविदाकार अपना आफर देते समय ऐसी शर्ते जो टेण्डर डाक्यूमेन्ट में निहित शर्तो से अलग हो एवं जिनका फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बनता हो, यदि देना चाहें तो, उन शर्तों का फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बताना होगा, इसके लिये प्रमाणित दस्तावेज के साथ गणना शीट अपने आफर के साथ संलग्न करना होगा ताकि उस दशा में फाइनेन्शियल शर्त का प्रभाव निकाल कर निविदाओं को इन्टर–से–पोजिशन ज्ञात किया जा सके। यदि कोई निविदाकार बिना फइनेन्शियल इम्पलीकेशन की गणना शीट दिये बिना ऐसी शर्ते देता है तो, ऐसे आफर/निविदा को Summarily Reject कर दिया जायेगा, जिसके लिये रेलवे प्रशासन कोई भी पत्राचार स्वीकार नहीं करेगा। 7. निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि पूरी निविदा प्रपत्र को सावधानी पूर्वक पढ़ें। 8. यदि कोई कठिनाई आती है तो हेल्प डेस्क IRPES की वेबसाईट पर उपलब्ध है जिससे सम्पर्क किया जा सकता है।

अधि0अभि0/टीएमसी
मुजाधि/डबलू–151 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


## गोदाम में चोरों ने लगाई सेंध

**नोएडा (चेतना मंच)।** झुंडपुरा गांव स्थित डिलीवरी लिमिटेड कंपनी के गोदाम में सेंध लगाकर चोरों ने लाखों रुपए पर हाथ साफ कर दिया। कंपनी के मैनेजर ने थाना सेक्टर 24 में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मूल रूप से सिकंदराबाद निवासी वसीम खान ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह डिलीवरी लिमिटेड कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उनकी कंपनी की शाखा का गोदाम तंवर कंपलेक्स झुंडपुरा गांव में है। 28 फरवरी को जब वह अपने ऑफिस पहुंचे तो अंदर रखी अलमारी गिरी हुई थी और उसके लॉकर में रखे 135739 गायब थे। वसीम खान के मुताबिक उन्होंने जब सीसीटीवी फुटेज चेक की तो कुछ लोग चोरी की घटना को अंजाम देते हुए दिखाई दिए। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।


### दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com








# उत्तराखंड के शहीद पांच जवानों को दी श्रद्धांजलि




**नोएडा ( चेतना मंच )।** एफ ब्लॉक बरात घर सेक्टर-22 नोएडा में कठुआ में शहीद जवानों के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

इन शहीदों में सूबेदार अनंत सिंह, हवलदार कमल सिंह, राइफलमैन अनुज नेगी, राइफलमैन आदर्श नेगी, और नायक विनोद सिंह जी शामिल थे। शोक सभा में उत्तराखंड समाज के साथ अन्य लोगों ने नम आंखों से वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान उत्तराखंड समाज नोएडा से बीजेपी जिला उपाध्यक्ष गिरीश कोटनाला, जिला मंत्री सुरेन्द्र प्रसाद चमोली, लक्ष्मण धस्माना, कर्नल शांति प्रसाद थपलियाल, मदन शर्मा, गोपाल बगासी, सुरेन्द्र बिष्ट, मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड़, ओमपाल ,गोपाल चौहान, हर्ष रावत, एम सी भारद्वाज, प्रमोद शर्मा, सुशील राणा, सुनीता नयाल पुष्पा रावत, लतारावत, माया रावत,गुड्डी बिष्ट, अंबिका धस्माना, मनोज शर्मा अनीता सिंह, चित्रा पंवार,परमेंद्र आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पूर्व मंडल अध्यक्ष का भाजपा से इस्तीफा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के बिसरख मंडल के पूर्व अध्यक्ष रवि भदोरिया ने पार्टी की सक्रिय सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। भाजपा के गौतम बुद्ध नगर के जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी ने रवि भदोरिया का त्यागपत्र स्वीकार कर दिया है। श्री मावी ने त्यागपत्र स्वीकार करते समय सोशल मीडिया पर लिखा है कि आप जैसे पार्टी के उत्कृष्ट कार्यकर्ता का त्यागपत्र स्वीकार करते समय बहुत ही कष्ट हो रहा है।

बता दें कि रवि भदौरिया की गिनती जनपद के सक्रिय पदाधिकारी में होती थी उनके इस्तीफा देने पर पार्टी में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। कई लोग इसे लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी में शुरू हुई अंदरूनी कलह से जोड़कर देख रहे हैं और उनके रवि भदोरिया ने 30 जून को इस्तीफा दे दिया था वह 2019 से लेकर 2024 तक बिसरख मंडल के अध्यक्ष रहे हैं।

## दुर्घटना में घायल दो लोगों ने तोड़ा दम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थान पर सड़क हादसे में घायल हुए दो लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गई परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

न्यू अशोक नगर दिल्ली निवासी सुनील कुमार ने थाना सेक्टर 24 में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ दुर्घटना कर मृत्यु करने का मुकदमा दर्ज कराया है। सुनील कुमार के मुताबिक उसके पिता बिंदा शर्मा 4 जुलाई को सेक्टर 11 स्थित नेहरू पब्लिक स्कूल के पास से जा रहे थे। इस दौरान तेज गति में आ रही है कार ने उन्हें टक्कर मार दी टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उसके पिता बिंदा शर्मा को मेट्रो हॉस्पिटल में भर्ती कराया लगातार बिगड़ से हालात को देखते हुए उन्हें गुरुग्राम के न्यू पार्क अस्पताल में भर्ती कराया गया इसके बाद उन्हें आर्मी अस्पताल दिल्ली कैंट में रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान 9 जुलाई के रात्रि को उनके पिता की मौत हो गई। वहीं थाना रबूपुरा क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे पर बोलेरो कार का टायर फटने की वजह से वह स्कूटी से टकरा गई। इस दुर्घटना में स्कूटी सवार देवेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उन्हें जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया उपचार के दौरान देवेंद्र सिंह की मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के भाई बृजेश कुमार ने बोलेरो कार चालक के खिलाफ दुर्घटना कर मृत्यु करने का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस का कहना है कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आरोपी वाहन चालकों की तलाश के की जा रही है।

## 9 साल पुराना वीडियो वायरल कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 9 साल पुराने आपत्तिजनक वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर जातिगत विद्वेष फैलाने तथा मीडिया व पुलिस की छवि जनता में धूमिल करने के मामले में थाना दनकौर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस पुरानी आपत्तिजनक वीडियो व फोटो को वायरल करने वाले आरोपी की तलाश कर रही है।

दनकौर थाने में तैनात उप निरीक्षक अशोक कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक वीडियो व फोटो वायरल कर उसमें मीडिया एवं पुलिस पर अभद्र टिप्पणी की गई है।

वीडियो में फोटो वायरल करने वाले व्यक्ति ने वास्तविक तथ्यों को छुपाते हुए मीडिया एवं पुलिस के विरुद्ध जमकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। उन्होंने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा इरादतन जानबूझकर जातिगत विद्वेष फैलाने की मंशा से इस वीडियो व फोटो को वायरल किया गया है। इस मामले में वर्ष 2015 में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था और इसकी चार्जशीट भी न्यायालय में लगा दी गई थी।

## मिठाई की दुकान में चोरी करने वाले दबोच

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-63 पुलिस ने 3 दिन पूर्व छिजारसी कॉलोनी में मिठाई की दुकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए चार चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो चाकू व दुकान से चोरी किया गया पैसों का गल्ला बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि 8 जुलाई को केशव यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान का शटर तोड़कर 10 हजार रुपए व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने हिंडन नदी शमशान घाट के पास से आशीष उर्फ रिंकू, योगेश, करण तथा सुद्दू को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चाकू व दुकान से चोरी किया गया पैसों का गल्ला बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपियों ने मिठाई की दुकान में चोरी करने सहित कई अन्य घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी टीम इंडिया

नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल 2025 में पाकिस्तान की मेजबानी में होनी है। इस इवेंट से पहले ही बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने ये कह दिया था कि भारत पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगा, इसके बावजूद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड तैयारियों में जुटा हुआ है।

इस बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत करते हुए बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि भारत पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगा और बीसीसीआई चैंपियंस ट्रॉफी के वेन्यू में बदलाव करने को लेकर आईसीसी से बात करेगा।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के वेन्यू में बदलाव को लेकर क्चष्टष्टढ्ढ जल्द ही आईसीसी से बातचीत करेगा। हाल ही में न्यूज एजेंसी एएनआई को बीसीसीआई के एक सूत्र ने जानकारी दी कि भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल 2025 में फरवरी-मार्च में होना है। इस टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान के पास है लेकिन रिपोर्ट के अनुसार भारत पाकिस्तान से बाहर मैच खेलना चाहता है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**लखीमपुर खीरी में ....**

वहीं 1 जून से 10 जुलाई तक 169.4 के सापेक्ष 213 मिमी बारिश रिकार्ड की गई जो समान्य से 26 प्रतिशत अधिक है।

**इन जिलों में भारी बारिश की चेतावनी**

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, एसआर नगर, देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती में भारी वर्षा होने की संभावना है. फतेहपुर, प्रतापगढ़, एसके नगर, बस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर में भारी वर्षा, मेघ गर्जन एवं वज्रपात की संभावना है. जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, हरदोई, कन्नौज, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर में मेघ गर्जन एवं वज्रपात होनेकी संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गुरुवार को कुछ स्थानों पर भारी कुछ स्थानों पर भारी से ज्यादा भारी बारिश हो सकती है. बारिश का यह सिलसिला 13 जुलाई तक जारी रहेगा।

**भोयरा गांव में फायरिंग ...**

पुलिस को देख कर कार सवार बदमाश भागने लगे। कार की स्पीड तेज होने के कारण कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। खुद को घिरा देखकर बदमाश कार से उतर कर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में सौरव और गौरव के पैर में गोली लगी और वह जमीन पर गिर गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। इनके दो साथी मौके से फरार हो गए।

एडीसीपी ने बताया कि पुलिस ने कांबिंग के दौरान फरार विकेश और गोविंदा को भी गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से तमंचे पर कारतूस बरामद हुए है। मुठभेड़ के दौरान घायल हुए दोनों बदमाशों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

**भाई ने लिया लोन....**

गया तो उसके अश्लील तस्वीरें उसके कॉन्टेक्ट लिस्ट के सभी लोगों को भेज दिए जाएंगे। उसके कॉल काटने के बाद उक्त व्यक्ति ने उसके भाई की प्रोफाइल तस्वीरों को उसके व्हाट्सएप पर भेजना शुरू कर दिया। उसने जब कोई जवाब नहीं दिया तो उक्त व्यक्ति ने उसकी मर्फ की गई तस्वीर को अपने प्रोफाइल पिक्चर के रूप में डीपी पर लगा दिया और मैसेज किया कि अब उसकी इस फोटो को सारा इंडिया देखेगा। इसके बाद उसने मैसेज कर 10500 की राशि मांगी और पैसे मिलने पर डीपी हटाने की बात कही।

सलोनी के मुताबिक उसने जब अपने भाई से इस बारे में बात की तो उसने बताया कि किसी व्यक्ति ने उसकी फोटो के साथ छेड़छाड़ की है और उससे भी पैसों की मांग की जा रही है। सलोनी ने तुरंत इसकी शिकायत पुलिस और साइबर सेल से की। पीड़िता की शिकायत पर थाना बीटा-2 पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस फोन नंबर के आधार पर उक्त व्यक्ति की तलाश कर रही है।

**जेई को बंधक बनाना ....**

तथा जेई को बंधक बनाया। इसकी सूचना विधिवत थाने में भी दर्ज की जा चुकी है।

सीईओ ने उत्तर प्रदेश राजकीय सेवा आचरण नियमावली-1956 की प्रावधानों तथा नोएडा सेवा नियमावली 1981 के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर उद्यान चौधरी श्री राधे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

**बच्चों के विवाद में ....**

कौशर, मोहम्मद हसन खान व अमजद ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

तालिब के मुताबिक जब वह बीच बचाव के लिए गया तो आरोपियों ने उसे पर भी लोहे की रॉड से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पीड़ित के मुताबिक पुलिस ने करीब साढ़े चार माह बाद इस घटना की रिपोर्ट दर्ज की है।

**मशीन के नीचे ....**

में सेक्टर 27 स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान सत्य प्रकाश ने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

**पापा पर एफआईआर....**

के विरुद्ध विभिन्न स्थानों पर विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत थाना ईकोटेक-3 में 3 वाहन स्वामियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

यातायात निरीक्षक चंद्र प्रकाश मिश्र ने बताया कि वह बालक उदय इंटर कॉलेज हल्द्वानी के पास चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान जलपुरा के पास बाइक पर आ रहे तीन किशोर को जांच के लिए रोका गया बाइक चला रहे किशोर की उम्र 17 वर्ष थी जिस पर उसके परिजनों को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाइक को सीज कर दिया और नाबालिक वाहन चालक के पिता शाहिद अशरफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

इसी थाना क्षेत्र में टीएसआई नरेंद्र कुमार ने नाबालिक द्वारा बाइक चलते हुए पकड़े जाने पर बाइक को सीज कर दिया। उन्होंने इस संबंध में वाहन स्वामी के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया है। उप निरीक्षक यातायात अशोक कुमार ने चेकिंग के दौरान बाइक दौड़ा रहे एक नाबालिक को पकड़ा।

चेकिंग के दौरान बाइक सवार के पास से लाइसेंस व बाइक के कागजात नहीं मिले। नाबालिक ने हेलमेट भी नहीं लगाया हुआ था इसके बाद वाहन को 207 एमबी एक्ट के तहत सीज किया गया। मौके पर नाबालिक के परिजनों को बुलाकर हिदायत देकर चालक को उनके सुपुर्द किया गया इस संबंध में जब जानकारी की तो पता चला कि वाहन मुनफद के नाम पंजीकृत है। उप निरीक्षक ने वाहन स्वामी मुनफद व नाबालिक के पिता मोहम्मद उस्मान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**बीमारी से तंग...**

घर में फांसी लगाकर जान दे दी। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में पता चला है कि पूजा अक्सर बीमार रहती थी और इस कारण मानसिक तनाव में थी। मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें पूजा ने अपनी बीमारी का जिक्र करते हुए लिखा है कि वह बीमारी की वजह से काफी परेशान है। इसी कारण वह आत्महत्या कर रही है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है।



## दिल्लीवालों की जेब पर खर्चा....बढ़ रहे बिजली के दाम

नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बिजली के दामों में बढ़ोतरी होने वाली है। बिजली के मूल्य में हुई बढ़ोतरी मई महीने से जोड़ी जाएगी यानी 1 मई के बाद खर्च की गई बिजली का बिल बढ़े हुए दाम के साथ जोड़ा जाएगा। जुलाई में रहे बिलों में बढ़ोतरी दिखेगी। यह बढ़ोतरी 1 मई से 3 महीने के लिए लागू रहेगी। इसके बाद बिजली की दर तय करने वाला डीईआरसी, बिजली कंपनियों की याचिका के हिसाब से आदेश देगा। बता दें कि बीएसईएस की दो कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल के इलाकों में बिजली महंगी हुई है। बीवाईपीएल के इलाकों में 6.15 फीसदी की बढ़ोतरी और बीआरपीएल के इलाकों में 8.75 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं तीसरी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने कोई भी बढ़ोतरी नहीं की है। बीवाईपीएल के इलाके में पूर्वी और सेंट्रल दिल्ली के हिस्से आते हैं और बीआरपीएल के इलाके में दक्षिणी दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली के क्षेत्र आते हैं।

## बाराबंकी में सरयू उफान पर, दर्जनों गांव जलमग्न

बाराबंकी। लगातार हो रही बारिश और नेपाल से छोड़े गए पानी के चलते बाराबंकी जिले में सरयू नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है जिससे दर्जनों गांव जलमग्न हो गए हैं। मूसलाधार बारिश और नेपाल से छोड़े गए पानी के चलते सरयू नदी खतरे के निशान से लगभग 52 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है, इसकी चपेट में सैकड़ो गांव प्रभावित हो रहे हैं। वहीं दर्जनों गांव में बाढ़ का पानी लोगों के घरों में घुसने लगा है। जिले की तीन तहसीलों में हाहाकार मचा हुआ है और हजारों बीघा फसल नष्ट हो चुकी है। मवेशी के चारे पानी की समस्या हो गई है। बाढ़ प्रभावित गांव से लोग अपने मवेशियों को साथ सुरक्षित स्थानों पर जाने लगे हैं। नेपाल के गिरजा व शारदा बैराज से लगभग चार लाख 30 हजार पानी छोड़ने से एल्गिन ब्रिज पर नदी खतरे की निशान से लगभग 52 सेंटीमीटर ऊपर हो गई है। रामनगर तहसील के ग्राम हेतमपुर सुंदर नगर पर्वतपुर गायघाट जमका गुजरी अकोला आदि गांव पानी से गिर गए हैं।

## संदेशखली मामले में ममता सरकार की जीत....सीबीआई को सख्त संदेश

नई दिल्ली । संदेशखली में सीबीआई की बिना अनुमति के जांच करने के मामले में ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से जीत मिली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई में कहा कि संदेशखली मामले में सीबीआई द्वारा बिना पूर्व सहमति के केस दर्ज करने को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका वैध है। जस्टिस बीआर गवई और संदीप मेहता की की बेंच ने याचिका की स्वीकार्यता पर केंद्र की प्रारंभिक आपत्तियों और तर्क को भी खारिज किया कि बंगाल ने तथ्यों को छिपाया है। कोर्ट ने कहा कि चूंकि पश्चिम बंगाल ने 2018 में सीबीआई से सामान्य सहमति वापस ले ली थी, इसलिए एजेंसी राज्य के भीतर अपराधों के संबंध में एफआईआर दर्ज करना जारी नहीं रख सकती थी। रिपोर्ट के अनुसार, अपनी याचिका में बंगाल ने कहा कि सीबीआई केंद्र के अधीन काम कर रही है।

## हिट-एंड-रन मामला : मुख्य आरोपी मिहिर शाह ने कबूली कार चलाने की बात

### -मुंबई पुलिस के सूत्रों के हवाले से खबर

मुंबई । हिट-एंड-रन मामले के मुख्य आरोपी मिहिर शाह ने कथित तौर पर बीएमडब्ल्यू चलाने की बात स्वीकार की है, जिसने एक बाइक को टक्कर मारी और इसमें एक महिला की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान, मिहिर ने घातक दुर्घटना के लिए अपने कार्यों और उसके बाद क्या किया, इसका विवरण दिया। मुंबई हिट-एंड-रन मामले में फरार आरोपी और शिवसेना नेता राजेश शाह के बेटे मिहिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। कथित तौर पर अपनी लग्जरी कार को एक दोपहिया वाहन से टकराने के दो दिन बाद मिहिर, जो रविवार सुबह से पुलिस से बचने में कामयाब रहा, मुंबई के पास विरार से गिरफ्तार किया गया। मिहिर की मां और दो बहनों को ठाणे जिले के शाहपुर से पूछताछ के लिए मुंबई लाया गया। पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि उनसे और 10 अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। मुंबई पुलिस के अनुसार, तेज रफ्तार कार ने कावेरी नखवा को करीब 1.5 किलोमीटर तक घसीटा, इसके पहले कि मिहिर ने कार रोकी, अपने ड्राइवर राजर्षि बिदावत के साथ सीट बदली और दूसरी गाड़ी से भाग गया। पुलिस के अनुसार, मिहिर शाह अपनी कार और ड्राइवर को कला नगर इलाके में छोड़कर ऑटो रिक्शा में बैठकर भाग गए। इसके बाद गोरेगांव में अपनी महिला मित्र के घर पहुंचा।

## अमरनाथ यात्रा : बाबा के जयकारे लगाते हुए 4,627 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना



जम्मू । 29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार को 4,627 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना हुआ। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने कहा, 4,627 यात्रियों का एक और जत्था बुधवार की सुबह जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से दो सुरक्षा काफिलों के बीच रवाना हुआ। पहला काफिला सुबह 3.07 बजे 90 वाहनों में 1,854 यात्रियों को लेकर उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। दूसरा, 95 वाहनों का सुरक्षा काफिला 2,773 यात्रियों को लेकर दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए सुबह 3.33 बजे रवाना हुआ। आतंकी हमले के बाद, अधिकारियों ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा बढ़ा दी है, जिसका इस्तेमाल यात्री कश्मीर पहुंचने के लिए करते हैं। मौसम विभाग ने दोनों यात्रा मार्गों पर आंशिक रूप से बादल छाए रहने और दिन में हल्की बारिश की संभावना है। दोनों मार्गों पर 124 से ज्यादा लंगर स्थापित किए गए हैं। वहीं 7,000 से ज्यादा सेवादार यात्रियों की सेवा कर रहे हैं। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए, रेलवे अतिरिक्त ट्रेनें चला रहा है। दोनों मार्गों पर यात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं। अमरनाथ यात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी।

## 1 करोड़ में सिक्के बेचने निकला बुजुग...खुद दो करोड़ की ठगी का शिकार

देहरादून। आज के समय में साइबर ठगी के कई मामले आते है। भोले-भले लोग, जिन्हें ठगी के इन नए तरीकों का कोई ज्ञान नहीं है, वे आसानी से इनके झांसे में आ जाते हैं। हाल ही में उत्तराखंड के रहने वाले एक बुजुर्ग को साइबर ठगों ने अपना निशाना बनाया। बस एक ऑनलाइन लिंक पर क्लिक करते ही ये बुजुर्ग ठगों के संपर्क में आ गया और अपनी जमापूंजी गंवा बैठा। रिलायंस कंपनी के हाई पोस्ट से रिटायर हुए बुजुर्ग की उम्र 69 साल है। इस समय बुजुर्ग इंजीनियर्स एन्क्लेव में रहते हैं। बुजुर्ग के पास ब्रिटिश काल के कई सिक्के हैं। इस समय इन सिक्कों की करोड़ों में वैल्यू होगी। पिछले साल बुजुर्ग ने ऑनलाइन सिक्के बेच करोड़ों कमाने का एक लिंक देखा था। बस इसपर क्लिक करना ही उसकी जिंदगी की सबसे बड़ी भूल साबित हुई। बुजुर्ग ने जिस लिंक पर क्लिक किया, उसके बाद ही साइबर ठगों के संपर्क में आ गया। एक ठग ने कॉल कर उससे सिक्के खरीदने की डील तय की। शख्स ने एक करोड़ बारह लाख में सिक्के खरीदने की बात कही। इसके बाद सिक्के के पंजीकरण, जीएसटी, आयकर और कई तरह के टैक्स के नाम पर शख्स ने पीड़ित से एक करोड़ 58 लाख रुपए जमा करवाए। इसके बाद भी कई मौकों पर बुजुर्ग से पैसे जमा करवाकर कुल दो करोड़ पच्चीस लाख की ठगी की गई। अपने सिक्कों को बेचने के लिए बुजुर्ग पैसे जमा करता रहा। जब उसके पास की सेविंगस खत्म हो गई, तब बुजुर्ग ने अपने दोस्तों से 58 लाख रुपये उधार लिए। लेकिन उधार की रकम भी अब डूब गई। अब बुजुर्ग ने साइबर सेल से हेल्प मांगी है। टीम लगातार मामले पर काम कर पीड़ित को इंसाफ दिलवाने में जुटी है।

# देश में डेंगू के बढ़ते मामलों पर केंद्र अलर्ट, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने की बड़ी बैठक, बनाया मास्टर प्लान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने देश भर में डेंगू की स्थिति की समीक्षा करने और मानसून की शुरुआत और वृद्धि को देखते हुए डेंगू की रोकथाम और प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को देश भर में डेंगू की स्थिति और मंत्रालय की तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। यह बताया गया कि केंद्रित, समयबद्ध और सहयोगात्मक गतिविधियों के परिणामस्वरूप डेंगू मामले की मृत्यु दर 3.3प्र. (1996) से घटकर 2024 में 0.1प्र. हो गई है।

मानसून की शुरुआत से उत्पन्न चुनौती और बरसात के मौसम के दौरान डेंगू के मामलों की संख्या बढ़ने के खतरे को रेखांकित करते हुए, नड्डा ने डेंगू के खिलाफ तैयार रहने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को डेंगू के खिलाफ रोकथाम, रोकथाम और प्रबंधन उपायों को मजबूत करने और मजबूत करने का निर्देश दिया। नड्डा ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे मुख्य रूप से उच्च बोझ वाले राज्यों और क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करें जहां अक्सर प्रकोप की सूचना मिलती है।

उन्होंने अधिकारियों से डेंगू की रोकथाम पर ठोस परिणाम लाने के लिए राज्यों के साथ सक्रिय रूप से काम करने का आग्रह किया। उन्होंने विशेष रूप से आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए), ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी), शिक्षा मंत्रालय और नगर निगमों और स्थानीय स्वशासन को शामिल करते हुए डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण के लिए उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए अंतर-मंत्रालयी अभिसरण बैठकों पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि केंद्र डेंगू गतिविधियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए समय पर कार्रवाई पर राज्यों के साथ सक्रिय रूप से संवाद कर रहा है। डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण में हितधारकों और मंत्रालयों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न अंतर-क्षेत्रीय बैठकें आयोजित की गई हैं। उन्होंने मुझे बताया कि आने वाले वर्षों में इन गतिविधियों को और मजबूत किया जाएगा।

## मुकेश अंबानी ने बांके बिहारी को भेजा बेटे अनंत की शादी का कार्ड



मथुरा । देश के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी ने अपने पुत्र अनंत की शादी का निमंत्रण यूपी के वृन्दावन स्थित ठाकुर बांके बिहारी को भेजा और उनसे पुत्र एवं पुत्रवधू को आशीर्वाद देने की प्रार्थना की। उद्योगपति के प्रतिनिधियों ने मंदिर के सेवायत पुजारी आचार्य गोपी गोस्वामी एवं श्रीनाथ गोस्वामी से भेंट कर ठाकुरजी को निमंत्रण पत्र दिया। गोस्वामी ने बताया कि प्रतिनिधियों ने पूर्ण वैदिक परंपरा के अनुसार मंत्रोच्चार के बीच मुकेश अंबानी द्वारा भेजा गया निमंत्रण ठाकुरजी के चरणों में रखा और उनसे अंबानी परिवार पर कृपा बनाए रखने तथा पुत्र एवं पुत्रवधू को आशीर्वाद देने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा उद्योगपति ने बेटे की शादी का निमंत्रण बांके बिहारी के साथ-साथ स्वामी हरिदासीय संप्रदाय से जुड़े टटिया स्थान आश्रम को भी भेजा है। गोस्वामी ने बताया कि वह ठाकुरजी की ओर से अंबानी के पुत्र की शादी में शामिल होने अपने अनुज श्रीनाथ गोस्वामी के साथ मुंबई जाएंगे और विवाह के अवसर पर अंबानी परिवार को ठाकुर जी के आशीर्वाद स्वरूप प्रसादी व अंगवस्त्र भेंट करेंगे। मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी 12 जुलाई को मुंबई में राधिका मर्चेंट के साथ होगी।

# अखिलेश यादव का बड़ा आरोप, अयोध्या में बाहरी लोगों को जमीन बेची गई, अरबों रुपये का घोटाला हुआ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को अयोध्या में बाहरी लोगों को जमीन की कथित बिक्री को लेकर भाजपा सरकार पर हमला किया और अरबों रुपये के भूमि घोटाले का दावा किया। उन्होंने इन भूमि सौदों की गहन जांच की भी मांग की। उन्होंने एक एक्स पोस्ट में लिखा कि जैसे-जैसे अयोध्या की ज़मीन के सौदों का भंडाफोड़ हो रहा है, उससे ये सच सामने आ रहा है कि भाजपा राज में अयोध्या के बाहर के लोगों ने मुनाफ़ा कमाने के लिए बड़े स्तर पर ज़मीन की ख़रीद-फ़रोख़्त की है।

सपा नेना ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पिछले 7 सालों से सर्किल रेट न बढ़ाना, स्थानीय लोगों के ख़िलाफ़ एक आर्थिक षड्यंत्र है। इसकी वजह से अरबों रुपये के भूमि घोटाले हुए हैं। यहाँ आस्थावानों ने नहीं बल्कि भू-माफ़ियाओं ने ज़मीनें ख़रीदी हैं। उन्होंने कहा कि इन सबसे अयोध्या-फ़ैज़ाबाद और आसपास के क्षेत्र में रहनेवालों को इसका कोई भी लाभ नहीं मिला। ग़रीबों और किसानों से औने-पौने दाम पर ज़मीन लेना, एक तरह से ज़मीन हड़पना है। हम अयोध्या में तथाकथित विकास के नाम पर हुई 'धांधली' और भूमि सौदों की गहन जाँच और समीक्षा की माँग करते हैं।

वहीं, इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा था कि उनकी पार्टी आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उसी तरह हराएगी, जैसे उसने हालिया लोकसभा चुनाव में अयोध्या में उसे हराया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। गांधी ने कहा, ''उन्होंने (भाजपा ने) हमें धमकाकर और हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाकर हमें चुनौती दी है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम सब मिलकर उनकी सरकार को उसी तरह तोड़ देंगे जैसे उन्होंने हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाया है। यह लिखकर ले लीजिए कि कांग्रेस गुजरात में चुनाव लड़ेगी और नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा को गुजरात में हराएगी, जैसा हमने अयोध्या में किया था।''

## नीतिश ने किया पटना के मरीन ड्राइव के तीसरे फेस का उद्धाटन



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को जेपी गंगा पाथवे के तीसरे चरण का उद्घाटन किया, जिसे पटना का मरीन ड्राइव भी कहा जाता है। दीघा से गायघाट तक 12.5 किलोमीटर की दूरी पहले से ही चालू है, और अतिरिक्त 4.5 किलोमीटर की दूरी का निर्माण किया गया है, इस पटना घाट तक बढ़ाया गया है। जेपी गंगा पाथवे एक महत्वपूर्ण परियोजना है जिसका उद्देश्य सिंगल-लेन अशोक राजपथ पर यातायात की भीड़ को कम करना है, जहां दोनों ओर घने निर्माण के कारण सड़क को चौड़ा करना संभव नहीं है।

नीतिश ने कहा, निर्माण पूरा होने के बाद लोगों को पटना जाने में काफी मदद मिलेगी। इससे लोगों का समय बचेगा और उत्तरी तरफ से आने वाले लोगों के लिए यह सुविधाजनक होगा। यह चार लेन की सड़क गंगा नदी के किनारे अशोक राजपथ के समानांतर चलती है, जो पश्चिम में दीघा को पूर्व में मालसलामी से जोड़ती है। तीसरे चरण के पूरा होने से यात्रियों को कंगन घाट के रास्ते पटना साहिब गुरुद्वारा तक बेहतर पहुंच मिलेगी। हालांकि, अशोक राजपथ से जुड़ने के लिए पटना घाट पर एप्रोच रोड का निर्माण अधूरा है। कंगन घाट पर एप्रोच रोड पूरा हो गया है और चालू हो जाएगा। जेपी गंगा पथ का पहला चरण, दीघा से पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (पीएमसीएच) तक, 24 जून, 2022 को चालू हो गया। दूसरा चरण, पीएमसीएच से गायघाट तक, 14 अगस्त, 2023 को यात्रियों के लिए खोला गया। दीघा से मालसलामी तक पथ की कुल लंबाई 20.5 किमी है, शेष 3.5 किमी पर स्तंभ स्थापना और खंड फिटिंग का काम चल रहा है।

## त्रिपुरा में नशे की चाहत में एचआईवी संक्रमित हो रहे युवा

अगरतला । करीब 35 लाख की आबादी वाला त्रिपुरा के युवा नशे की गिरफ्त में फंसता दिख रहा हैं। नशे के कारण नॉर्थ-ईस्ट के राज्य त्रिपुरा में एचआईवी भी तेजी से बढ़ रहा है। चिंताजनक हाल यह है कि इसकी चपेट में स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले युवा आ रहे हैं। त्रिपुरा राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (टीएसएसीएस) के आंकड़ों के अनुसार, अभी तक राज्य में 828 छात्र एचआईवी संक्रमित मिले हैं, जबकि 47 छात्रों की मौत हो चुकी है। एचआईवी ग्रस्त 572 छात्र अभी जिंदा है। टीएसएसीएस का एक खुलासा और भी चौंकाने वाला है। सोसायटी के अधिकारी ने बताया कि अभी तक राज्य के 220 स्कूल और 24 कॉलेजों की पहचान की गई है, जहां छात्र नशीली दवा लेते हैं। त्रिपुरा के नौजवान न सिर्फ ड्रग्स ले रहे हैं, बल्कि नशे की चाहत में एचआईवी ग्रस्त हो रहे हैं। त्रिपुरा राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (टीएसएसीएस) के संयुक्त निदेशक ने बताया कि त्रिपुरा में रोजाना एचआईवी के पांच-सात मामले सामने आ रहे हैं। अभी तक 47 छात्रों की एड्स से मौत हो चुकी है। एचआईवी से पीड़ित कुल लोगों की संख्या 5,674 है, इसमें 4,570 पुरुष और 1,103 महिलाएं हैं। हैरान करने वाला फैक्ट यह है कि एचआईवी की चपेट में आने वाले अधिकतर युवा है। इसमें से भी 828 स्कूल और कॉलेज के छात्र हैं। अभी तक आए मामलों से पता चला कि जो छात्र एचआईवी की चपेट में आए, उमसें अधिकतर अमीर परिवारों से हैं। उनके माता और पिता नौकरी करते हैं।

## 'कांग्रेस ने शरिया को प्राथमिकता दी थी', गुजरा भत्ता को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बोली भाजपा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कि मुस्लिम महिलाएं तलाक के बाद अपने पतियों से गुजारा भत्ता पाने की हकदार हैं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कांग्रेस पर अपने हमले में विवादास्पद शाह बानो मामले का जिक्र किया और कहा कि राजीव गांधी सरकार ने संविधान पर शरिया को प्रधानता दी थी। 1985 में, सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के बाद अपने पति से गुजारा भत्ता की शाह बानो की याचिका को स्वीकार कर लिया। हालाँकि, तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने फैसले को पलटने के लिए संसद में एक कानून पारित किया।

भाजपा प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने आज कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब भी कांग्रेस सत्ता में रही है, संविधान खतरे में रहा है। यह (राजीव गांधी सरकार का) एक निर्णय था जिसने संविधान पर शरिया को प्रधानता दी। इस आदेश से संविधान की जो प्रतिष्ठा कांग्रेस सरकार के समय कुचल दी गई थी, वह पुनः स्थापित हो गई है। इस फैसले ने संविधान पर मंडरा रहे एक बड़े खतरे को ख़त्म कर दिया है।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को धर्म के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि यह समान अधिकार का मुद्दा है। उन्होंने दावा किया कि ऐसा कोई धर्मनिरपेक्ष राज्य नहीं है जहां हलाला, तीन तलाक और हज सब्सिडी जैसे शरिया प्रावधानों की इजाजत हो। त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने भारत को आंशिक इस्लामिक राज्य में बदल दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया कि एक मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अपने पति से गुजारा भत्ता मांग सकती है और कहा कि ÷धर्म-तटस्थ÷ प्रावधान सभी विवाहित महिलाओं पर लागू होता है, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो।

# महाराष्ट्र में बदली सियासत......अब एनडीए के विधायक रिजार्ट में

### -शिंदे और अजीत गुट के विधायक कर सकते हैं खेला



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की शिवसेना से बगावत के बाद दो साल हो चुके हैं। उनके बाद पिछले साल ही अजित पवार भी चाचा शरद पवार से बागी होकर शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम बन गए। लोकसभा चुनाव से पहले तक विपक्ष बैकफुट पर दिख रहा था, लेकिन 30 सीटें हासिल करने के बाद विपक्ष फ्रंटफुट पर आ गया हैं। राज्य में विधान परिषद की 11 सीटों पर चुनाव हैं, लेकिन 12 कैंडिडेट उतार दिए गए हैं। इससे साफ है कि क्रॉस वोटिंग होगी। ऐसी स्थिति में दोनों गुटों की ओर से कोशिश है कि अपने विधायकों को एकजुट रखे और दूसरे के तोड़ लिए जाएं।

इस कोशिश में भाजपा और शिंदे की शिवसेना ज्यादा परेशान दिख रहे हैं, क्योंकि उन्हें होटलों की बुकिंग शुरू कर दी है। इससे ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस, उद्धव सेना और शरद पवार से ज्यादा बेचैनी इस बार एनडीए गुट में है। हालांकि इसकी एक वजह यह है कि एनडीए के पास ज्यादा विधायक है। उद्धव और शरद पवार के पास अब एक-एक दर्जन विधायक ही बचे है। वहीं कांग्रेस भी बेफिक्र दिख रही है।

वहीं भाजपा, शिंदे सेना और अजित पवार गुट होटलों की बुकिंग में जुटे हैं ताकि विधायकों को एकसाथ रखा जा सके। ऐसा इसलिए कि क्रॉस वोटिंग का डर है। खासतौर पर शिंदे और अजित पवार के विधायकों के टूटने का डर है। आम चुनाव के बाद से ऐसी रिपोर्ट्स लगातार आई हैं कि विधायक अपनी वफादारी फिर से बदल सकते हैं। इसलिए इन्हें होटलों में रखने की कोशिश है। हालांकि अनंत अंबानी के विवाह के चलते मुंबई में फाइव स्टार होटल फुल हैं और कमरे मिलना मुश्किल हो रहा है। शादी के लिए लिए देश-विदेश से वीआईपी मेहमान आए हुए हैं। इसलिए साउथ मुंबई इलाके के ज्यादातर फाइव स्टार होटल बुक हो चुके हैं।

खबर है कि भाजपा और शिवसेना के विधायकों को अलग-अलग ठहराया जा सकता है। बता दें कि उद्धव सेना ने मिलिंद नार्वेकर को उतारा है, जो उद्धव के करीबी हैं। इसके बाद इसकी प्रबल संभावना है कि शिंदे सेना के कुछ विधायक क्रॉस वोटिंग कर ले। चुनाव में पैसों का खेल चलने की आशंका भी है। हालांकि इसके चलते डर सभी दलों में है।

# 46 साल बाद 14 जुलाई को खुलेगा जगन्नाथ मंदिर का खजाना भंडार

**पुरी (एजेंसी)।** पुरी के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर का खजाना भंडार जहां मंदिर के बहुमूल्य रत्न रखे गए हैं, वे 46 साल बाद ओडिशा सरकार ने 14 जुलाई को खोलने का ऐलान किया है। हाई लेवल कमेटी मंदिर के अंदर रखे गए खजाने की जांच कर बहुमूल्य रत्नों की लिस्ट बनाकर ओडिशा सरकार को देगी। इस समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बिस्वनाथ रथ ने अन्य सदस्यों के साथ बैठक में यह बात कही। उन्होंने बताया कि आंतरिक रत्न भंडार खोलने का सर्वसम्मति से फैसला हुआ। जिसकी तैयारी हो चुकी है।

मंदिर के रत्न भंडार में 12वीं शताब्दी के बहुमूल्य आभूषण हैं। जो लंबे समय से भक्तों और राजाओं द्वारा भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा को भेंट किए गए। यह रत्न भंडार मंदिर के काफी अंदर स्थित है। इसमें दो कमरे हैं आंतरिक और बाहरी कक्ष।

जब जगन्नाथ जी और उनके भाई-बहन के सुंदर स्वरूपों को स्वर्ण पोशाक पहनानी होती है, तब बाहरी कक्ष खोला जाता है। प्रत्येक वर्ष जगन्नाथ यात्रा के दौरान यह एक प्रमुख अनुष्ठान होता है। केवल प्रमुख त्यौहारों के दौरान ही कक्ष के द्वार खुलते हैं। 2024 से पहले 1978 में रत्न भंडार में जमा खजाने की सूची तैयार की गई थी, लेकिन जब 1985 में फिर से खोला गया तब कोई नई सूची नहीं बनाई गई थी।

12वीं सदी के नियमों के मुताबिक जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को खोलने के लिए राज्य सरकार की मंजूरी चाहिए है। इसका प्रस्ताव मंदिर प्रबंध समिति के द्वारा आता है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने बड़ा मुद्दा बनाकर रत्न भंडार खोलने का वादा किया था। राज्य में सरकार बनते ही बीजेपी ने अपने वादे को पूरा करने का काम किया। हाई लेवल कमेटी मंदिर के अध्यक्ष रथ ने कहा कि श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक को रत्न भंडार की डुप्लीकेट चाबी देने को कहा गया था लेकिन उन्होंने नहीं दी। मंदिर प्रशासन हाल ही में हुई जगन्नाथ रथ यात्रा के आयोजन में व्यस्त था। अब 14 जुलाई को समिति को चाबी जमा करने के लिए कहा गया है। ये भी निर्णय हुआ है कि अगर डुप्लीकेट चाबी काम न कर सकी, तब ताला तोड़कर रत्न भंडार के द्वार खोले जाएंगे। आभूषणों की लिस्ट बनाने और रत्न भंडार की मरम्मत के लिए आवश्यक एसओपी पर भी चर्चा हुई है।




# भारत के युवा खिलाड़ियों का जलवा, जिम्बाब्वे को 23 रनों से चटाई धूल, सीरीज में बनाई बढ़त

**मुंबई (एजेंसी)।** शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम इस समय जिम्बाब्वे दौरे पर है। जहां, दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज खेली जा रही है। बुधवार को भारत ने जिम्बाब्वे को दूसरे तीसरे टी20 मुकाबले में 23 रन से हरा दिया और सीरीज में 2-1 की बढ़त भी बना ली है। इससे पहले जहां भारत को जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले मुकाबले में हार झेलनी पड़ी। वहीं दूसरे मुकाबले में भारत की युवा टीम ने जिम्बाब्वे को 100 रन से हराया था। इसके साथ ही अब तीसरे मुकाबले में भी भारतीय टीम को 23 रन से बेहतरीन जीत मिली है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में खेले गए तीसरे मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 183 रनों का टारगेट सेट किया। जिसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 6 विकेट गंवाकर 159 रन पर ही सिमट गई। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज अपनी छाप नहीं छोड़ सका। जबकि भारत की तरफ से वॉशिंगटन सुंदर ने 3 और आवेश खान ने 2 विकेट झटके। वहीं खलील अहमद को 1 विकेट की सफलता मिली। इसके साथ ही पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने 4 विकेट गंवाकर 182 रन बनाए मैच में शुभमन गिल के साथ यशस्वी जायवाल ने ओपनिंग की। गिल ने कप्तानी पारी खेलते हुए 49 गेंदों में 66 रन की पारी खेली, इस दौरान उन्होंने 3 छक्के और 7 चौके जमाए जबकि यशस्वी ने 36 रन बनाए। इसके अलावा मिडिल ऑर्डर में ऋतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंदों में 49 रनों की पारी खेली। पिचले मैच में शतक लगाने वाले अभिषेक शर्मा को नंबर 3 पर भेजा गया जो 10 रन ही बना सके। जिम्बाब्वे की तरफ से कप्तान और स्पिनर सिकंदर रजा ने 2 विकेट झटके, ब्लेसिंग मुजारबानी को भी 2 विकेट की सफलता मिली।




# मेसी ने दागा 109वां गोल, अर्जेंटीना कोपा अमेरिका के फाइनल में पहुंचा



**ईस्ट रदरफोर्ड (न्यू जर्सी) (एजेंसी)।** लियोनेल मेसी के अपने करियर के 109वें अंतरराष्ट्रीय गोल और वर्तमान टूर्नामेंट के पहले गोल के दम पर गत चैंपियन अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंटके फाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना की तरफ से जूलियन अल्वारेज ने 22वें मिनट में पहला गोल किया जबकि मेसी ने 51वें मिनट में एन्जो फर्नांडीज के शॉट को गोल में भेज कर उसकी बढ़त दोगुनी की। मेसी के सामने तब गोलकीपर मैक्सिम क्रेप्यू थे लेकिन इस स्टार फुटबॉलर के आगे उनकी एक नहीं चली। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचों में 28 गोल किए हैं। वह कोपा अमेरिका में अब तक 14 गोल कर चुके हैं जो रिकॉर्ड से तीन गोल कम हैं।

अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में मेसी से अधिक गोल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज हैं जिन्होंने अभी तक 130 गोल किए हैं। ईरान के अल देई के नाम 1993 से 2006 तक 108 या 109 गोल दर्ज हैं। इक्वाडोर के खिलाफ 2000 में किए गए उनके गोल को लेकर विवाद है क्योंकि इस मैच के अंतरराष्ट्रीय दर्जे को लेकर मतभेद हैं। अर्जेंटीना ने यह जीत अपने स्वतंत्रता दिवस पर हासिल की जिससे उसका अजेय अभियान 10 मैच तक पहुंच गया है। अर्जेंटीना रविवार को होने वाले फाइनल में उरुग्वे या कोलंबिया का सामना करके रिकॉर्ड 16वां कोपा खिताब जीतने की कोशिश करेगा।

# ऋतुराज गायकवाड़ की बड़ी छलांग, अभिषेक शर्मा की धमाकेदार एंट्री



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी ने बुधवार को टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी की है। बल्लेबाजों की सूची में ऋतुराज गायकवाड़ 13 स्थान की छलांग लगाकर टॉप-10 में पहुंच गए हैं। वह 662 रेटिंग अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में 77 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 47 गेंदों का सामना करने के बाद 11 चौके और एक छक्का मारा था।

शतकवीर अभिषेक शर्मा ने रैंकिंग में धमाकेदार एंट्री की है। वह 75वें पायदान पर आ गए हैं। इंटरनेशनल डेब्यू मैच में शून्य पर पवेलियन लौटने वाले अभिषेक ने इंडिया वर्सेस जिम्बाब्वे दूसरे टी20 में तूफानी शतक ठोका था। उन्होंने 47 गेंदों में 7 चौकों और 8 छक्कों की मदद से 100 रन बनाए। वह सबसे कम पारियों में टी20 इंटरनेशनल शतक लगाने वाले भारतीय हैं। उन्होंने गायकवाड़ के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। इसके साथ ही रिंकू सिंह को भी फायदा हुआ है। वह चार ऊपर चढ़कर 39वें पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 22 गेंदों में 48 रन बनाए थे, जिसमें दो चौके और पांच छक्के शामिल हैं। जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट ने दो आक्रामक कैमियों की बदौलत 25 स्थान की छलांग लगाई। वह 96वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड (844) टॉप पर काबिज हैं। भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव (821) दूसरे नंबर पर हैं।

# श्रीलंका दौरे पर हार्दिक पांड्या टी20 तो केएल राहुल वनडे के बनेंगे कप्तान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20ई से संन्यास लेने की रोहित शर्मा की घोषणा के बाद ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या खेल के सबसे छोटे प्रारूप में मेन इन ब्लू का नेतृत्व कर सकते हैं। इसी तरह विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल वनडे टीम का नेतृत्व करते नजर आ सकते हैं। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार- रोहित के टी20 से संन्यास लेने के बाद हार्दिक उनकी जगह लेने के लिए तैयार है। उनको आराम देने की खबरें गलत हैं। पांड्या ने टी20 विश्वकप की 6 पारियों में 48.00 के औसत और 151.57 के स्ट्राइक रेट से 144 रन बनाए थे। इसके साथ 17.36 की औसत और 7.64 की इकॉनमी रेट से 11 विकेट भी लिए थे।





## इसलिए हार्दिक को मिला मौका

टी20 में शानदार प्रदर्शन करने के चलते हार्दिक पांड्या को प्रशंसकों से खूब प्यार मिला। इससे तीन महीने पहले ही हार्दिक 5 बार के आईपीएल चैंपियन रोहित शर्मा से मुंबई इंडियंस (एमआई) की कप्तानी लेने के कारण फैंस के निशाने का शिकार हो रहे थे। लेकिन टी20 में उन्होंने बढ़िया प्रदर्शन कर दर्शकों का झुकाव अपनी ओर कर लिया साथ ही बीसीसीआई सिलेक्टर्स को भी प्रभावित कर लिया। यह ऑलराउंडर, जो पिछले साल 50 ओवर के विश्व कप में टखने में चोट लगने के बाद खेल में वापसी कर रहा था, ऑनलाइन ट्रोलिंग और फैन वॉर का शिकार हो गया क्योंकि उन पर एमआई फ्रेंचाइजी को धोखा देने का आरोप लगाया गया था। उम्मीद है कि रोहित के टी20 क्रिकेट छोड़ने के बाद हार्दिक अब इसे आगे लेकर जाएंगे।

## इसलिए राहुल पर है बीसीसीआई को भरोसा

भारत में आयोजित वनडे विश्व कप 2023 में शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद केएल राहुल को मेन इन ब्लू टी20 विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया था। राहुल के नाम 9 पारियों में 386 रन हैं, औसत 77.20 और स्ट्राइक रेट 98.72 है। पांचवें नंबर पर आकर राहुल ने इस विश्व कप में कई मौकों पर भारतीय पारी को संभाले रखा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के पहले मुकाबले में मैच जिताऊ पारी खेली, जब मेजबान टीम का स्कोर 3 विकेट पर 2 रन था। उन्होंने कोहली के साथ 165 रन की साझेदारी की और नाबाद 97 रन बनाकर भारत को चेन्नई में ऐतिहासिक जीत दिलाई। उनके अनुभव को देखते हुए एक बार फिर से उन्हें कमान दी जा रही है।

सूत्रों ने कहा कि रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में केएल राहुल भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे क्योंकि बोर्ड का मानना ??है कि वह लंबे प्रारूप में रन बनाते हैं। इससे पहले मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। गंभीर भारतीय टीम के लिए बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज थे और उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के मेंटर के रूप में काम किया था। गंभीर के मार्गदर्शन में केकेआर ने इस सीजन में अपनी तीसरी आईपीएल ट्रॉफी जीती।

# चैंपियंस ट्रॉफी खेलने संन्यास से वापसी करने भी तैयार हैं वार्नर



सिडनी । ऑस्ट्रेयिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए संन्यास से वापसी करने तैयार हैं। वार्नर ने कहा है कि वह इस एक आईसीसी टूर्नामेंट में खेलने के लिए तैयार हैं। वार्नर ने टी20 विश्वकप के बाद इस प्रारुप से संन्यास की घोषणा कर दी थी। इस खिलाड़ी ने प्रशंसकों और अपने साथियों के समर्थन के लिए उनका अभार जताया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने की इच्छा जताया है। इस बल्लेबाज ने कहा कि मेरे करियर का समय अंतरराष्ट्रीय खेलने में लगा है। साथ ही कहा कि सभी प्रारूपों में 100 से अधिक खेलना मेरा सपना रहा है जिससे संभव बनाने में मुझे सभी का समर्थन मिलन और मैं उनके प्रति आभारी हूं। उन्होंने कहा, मेरी पत्नी और मेरी बेटियां ने खेल के दौरान मेरा पूरा साथ दिया। जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं। कोई भी बाहरी व्यक्ति कभी नहीं जान पाएगा कि हमने क्या-क्या सहा है। मुझे उम्मीद है कि सभी क्रिकेट प्रशंसकों का मैंने अपने खेल से मनोरंजन किया है और टेस्ट क्रिकेट को तेजी से खेलकर बदलने का प्रयास किया है। साथ ही कहा कि हम प्रशंसकों के बिना वह नहीं कर सकते जो हमें पसंद है, इसलिए धन्यवाद। मैं कुछ समय तक फैंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा और इसके बाद अगर मुझे अवसर मिलता है तो मैं चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने को तैयार हूं। ऑस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों की टीमें सितंबर में अपने सत्र की शुरुआत करेंगी। इसमें टीम पहली बार वार्नर के बिना ही उतरेगी। उसे सबसे पहले स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ तीन-तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है।

# टेस्ट क्रिकेट शीर्ष टीमों के बीच ही खेला जाये : शास्त्री

## -टी20 के जरिये खेल को आगे बढ़ायें



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि टी20 से खेल को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाया जाना चाहिये। वहीं टेस्ट क्रिकेट केवल 6 या 7 देशों के बीच ही होना चाहिये। शास्त्री ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आप 2 स्तर रख सकते हैं पर टेस्ट क्रिकेट में रुचि बनाए रखने के लिए शीर्ष छह टीमों को ही खेलते रहने दें। आप इस खेल को टी20 जैसे अन्य प्रारूपों के जरिये दुनिया भर में लोकप्रिय बना सकते हैं पर इसके लिए खेल का स्तर अच्छा होना चाहिये क्योंकि अगर आपके पास गुणवत्ता नहीं है तो रेटिंग गिरती जाएगी। अगर आपके पास 12 टेस्ट मैच टीमें हैं तो इसे छह या सात तक ही सीमित करें। जो बढ़िया खेले ऊपर आए जो खराब खेले वह नीचे चली जाए और उससे आगे खेलने का अवसर नहीं मिले। वहीं एमसीसी अध्यक्ष मार्क निकोलस ने कहा कि टी20 क्रिकेट से आने वाला पैसा खेल को आगे बढ़ाने का एकमात्र तरीका हो सकता है। टी20 क्रिकेट ऐसा प्रारुप है जो हर कोई चाहता है। यह वह जगह है जहां नया बाजार है, जहां प्रशंसक हैं और जहां पैसा है। क्रिकेट में पैसे के आने को बाजारीकरण नाम दिया जा रहा है पर ऐसा नहीं होना चाहिए क्योंकि यह खेल को बनाए रखने का एकमात्र तरीका है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ के यादगार टेस्ट डेब्यू का हवाला देते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि युवाओं पर इसके प्रभाव के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को संरक्षित किया जाए।

# गंभीर अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सक्षम: कोच भारद्वाज

**जकार्ता (एजेंसी)।** नई दिल्ली = भारतीय टीम के मुख्य कोच नियुक्त किए गए गौतम गंभीर के बचपन के कोच संजय भारद्वाज का मानना है कि यह पूर्व सलामी बल्लेबाज अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने की क्षमता रखता है और चुनौतियों का डटकर सामना करने की उनकी आदत राष्ट्रीय टीम के लिए जीत की आदत बन सकती है। गंभीर को मंगलवार को भारतीय पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था।

भारद्वाज ने कहा, 'गौतम के पास अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने की योग्यता है। एक शीर्ष कोच का काम यही होता है। गौती अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से जानते हैं और उनका प्रभावी ढंग से उपयोग करके उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवा सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि कोच के रूप में उनमें भारत को चरम पर ले जाने की क्षमता है। वह बिना किसी पक्षपात के ईमानदारी से काम कर सकते हैं और भारतीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ला सकते हैं। भारत पिछले 13 वर्ष है (वनडे) विश्व कप नहीं जीत पाया है लेकिन अब इस खिताब को जीतने की पूरी उम्मीद है।'



अमित मिश्रा, उन्मुक्त चंद और नितीश राणा जैसे कई खिलाड़ियों को तैयार करने वाले भारद्वाज का मानना है कि गंभीर किसी भी तरह की चुनौती का सामना करने के लिए हर समय तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा, 'वह हमेशा चुनौती का सामना करते हुए खेलते हैं। जब वह 10 वर्ष के थे तब से उनमें जीत की मानसिकता है। वह हमेशा जीतने के लिए खेलते थे। उन्होंने कभी नहीं सोचा कि वह कोई मैच हार सकते हैं। उन्हें अपनी क्षमता पर कभी संदेह नहीं रहा। उनमें किसी भी तरह की चुनौती का सामना करने और उसने सफल होने की योग्यता है।'

गंभीर ने 2011 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में भारत को वनडे विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। भारद्वाज ने कहा कि गंभीर ने तब रोहित शर्मा के स्टार खिलाड़ी बनने की भविष्यवाणी कर दी थी जब वर्तमान भारतीय कप्तानअपने शुरुआती दिनों में खराब फॉर्म से गुजर रहा था। उन्होंने कहा, 'गंभीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ क्रिकेट खेली है। एक बार उन्होंने अपना मैन ऑफ द मैच विराट को दे दिया था जिससे पता चलता है कि वह दिल के कितने सच्चे इंसान हैं। उन्होंने मुझे बहुत पहले बता दिया था कि रोहित शर्मा एक दिन स्टार खिलाड़ी बनेगा जो सही साबित हुआ।'

भारद्वाज ने कहा, 'अगर गौतम को लगता है कि यह चीज टीम के लिए सही है तो वह अपने फैसले पर अडिग रहेंगे। गौतम जीतने के लिए खेलते हैं। उन्हें पता है कि क्या करना है और एक निश्चित टीम संयोजन बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वह पक्षपात में विश्वास नहीं करते; उन्हें केवल क्रिकेट ही सबसे ज़्यादा पसंद है।'

# नोवाक जोकोविच विंबलडन सेमीफाइनल में




लंदन। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कूल्हे की चोट के कारण बुधवार को एलेक्स डि मिनोर के हटने पर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय डि मनोर ने सेंटर कोर्ट पर जोकोविच के खिलाफ होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले से घंटों पहले टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की। डि मिनोर ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बेशक यह वह घोषणा नहीं है जो मैं करना चाहता था। मैं टूट चुका हूं। उन्होंने बताया कि सोमवार को चौथे दौर में आर्थर फिल्स पर 6-2, 6-4, 4-6, 6-3 की जीत के दौरान उन्होंने 'क्रैक' की आवाज सुनी थी। जब वह मैच समाप्त हुआ तो डि मिनोर सावधानी से नेट की ओर गए लेकिन बाद में मीडिया से बात करते समय उन्होंने स्थिति की गंभीरता को कम करके आंका। इस वॉकओवर से जोकोविच ने 13वीं बार विंबलडन सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से उन्होंने पुरुष एकल में रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। दूसरे वरीयता प्राप्त जोकोविच ने पुरुष एकल में रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात विंबलडन में जीते हैं। फाइनल में जगह बनाने के लिए जोकोविच का सामना शुक्रवार को टेलर फ्रिट्ज और लोरेंजो मुसेटी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

# ईशान ने बताया , घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने का कारण

**मुम्बई (एजेंसी)।** पिछले साल हुए दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद से ही भारतीय टीम से बाहर चल रहे युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने अब रणजी ट्रॉफी के अलावा घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने का कारण बताया है। ईशान ने कहा, तब मैंने क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला लिया था। इसलिए मुझे लगा कि यह सामान्य बात है। क्रिकेट बोर्ड का भी नियम है कि अगर कोई खिलाड़ी टीम में वापसी करना चाहता है तो उसे घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

उन्होंने साथ ही कहा, यह मेरे लिए इतना आसान भी नहीं था। इसका कारण है कि तब मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को छोड़कर ब्रेक लेने जा रहा था। ऐसे में कोई कैसे घरेलू क्रिकेट खेल सकता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक लेकर घरेलू क्रिकेट में मैच खेलने की बातअजीब है। इससे तो अच्छा ये होता कि मैं ब्रेक ही ना लेता और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ही खेलते रहता। ईशान ने आगे कहा, यह सारी बातें इतनी सहज नहीं थी, मेरे लिए बहुत ही निराशाजनक था। तब मैंने सोचा नहीं था कि हालात ऐसे होंगे। ईशान के घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारण बीसीसीसी नाराज था और उसने उसे केन्द्रीय अनुबंध भी नहीं दिया। इसके अलावा किसी भी सीरीज के लिए टीम में जगह नहीं दी। ऐसे में ईशान के भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों को अपने अपने राज्य की टीम की तरफ से घरेलू क्रिकेट में खेलने को कहा था। इसके बाद भी ईशान ना तो रणजी ट्रॉफी में खेलने उतरे और ना ही किसी और टूर्नामेंट में झारखंड की टीम के लिए खेलते नजर आए। इससे पहले ईशान ने एकदिवसीय में बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक लगाया था और उनका प्रदर्शन भी बेहतर होता जा रहा था। इसके बाद भी एक गलती के कारण वह टीम से बाहर हो गये।



# भारतीय फुटबॉल टीम के कोच बनने की दौड़ में शामिल रोजारियो और नौशाद

कोलकाता । भारतीय फुटबॉल टीम को अब आने वाले समय में नया कोच मिल सकता है। इगोर स्टिमक को कोच पद से हटाये जाने के बाद से ही अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) नये कोच की तलाश कर रहा है। जिसके बाद उसे दुनिया भर से कई प्रस्ताव मिले हैं। इस पद के लिए मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के पूर्व कोच स्टेनली रोजारियो और नॉर्थईस्ट यूनाईटेड के मौजूदा सहायक कोच नौशाद मूसा ने भी आवेदन किया है। इस पद के लिए 100 आवेदनकर्ता यूएफा प्रो लाइसेंस डिप्लोमा धारक हैं जबकि 20 के पास एएफसी प्रो लाइसेंस डिप्लोमा है। तीन के पास दक्षिण अमेरिका फुटबॉल परिसंघ (कोनमेबोल) लाइसेंस है। रोजारियो और मूसा एएफसी प्रो लाइसेंस डिप्लोमा धारक हैं। इसके अलावा मोहन बागान सुपर जाइंट्स को 2023-24 आईएसएल लीग शील्ड जिताने में सहायता करने वाले एंटोनियो लोपेज हबास ने भी आवेदन किया है। एक अधिकारी के अनुसार रोजारियो और मूसा उन भारतीयों में शामिल हैं जिन्होंने आवेदन किया है और वे एएफसी प्रो लाइसेंस धारक भी हैं। इसके अलावा एंटोनियो हबास ने भी आवेदन किया है। प्रस्तावों में शामिल भारतीय उम्मीदवारों के नाम 20 जुलाई को एआईएफएफ कार्यकारी समिति की बैठक में रखे जाएंगे। इससे पहले एआईएफएफ उपाध्यक्ष एनए हैरिस की अगुआई वाली समिति आवेदनों की समीक्षा करेगी। समिति में तकनीकी, लीग, प्रतियोगिता, वित्त और विकास समिति के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष भी शामिल होगा। एआईएफएफ ने कहा है कि इस महीने के अंत तक पुरुष टीम के नए कोच का नाम तय कर दिया जाएगा।

# संन्यास ले लिया है लेकिन भारत को मुकाम तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा : छेत्री

**मुंबई (एजेंसी)।** नई दिल्ली = भारतीय फुटबॉल के महान खिलाड़ी सुनील छेत्री ने भले ही अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया हो लेकिन वह टीम के साथ जुड़े रहेंगे और उनका कहना है कि वह देश को मुकाम पर पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ट्रॉफी दौरे को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम में मौजूद छेत्री ने कहा कि भारत एक दिन ऐसे मुकाम पर पहुंचेगा जिसका देश के लोगों ने सपना देखा है।

कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने के बाद पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने वाले छेत्री ने कहा, 'मैंने अपने करियर में कई उतार चढ़ाव देखे हैं लेकिन एक चीज बरकरार रहेगी कि एक दिन दिन हम उस स्तर पर पहुंचेंगे जिसका हम सभी ने सपना देखा है।'

छेत्री इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में खेलना जारी रखेंगे क्योंकि बेंगलुरु एफसी के साथ उनका अनुबंध अगले साल तक है। उन्होंने हालांकि अभी तक फैसला नहीं किया है कि वह कब तक घरेलू फुटबॉल में खेलते रहेंगे। छेत्री अगले महीने 40 साल के हो जाएंगे।

2022 में बेंगलुरु एफसी की अगुआई करते हुए डूरंड कप खिताब दिलाने वाले छेत्री ने कहा, 'मैं अब ज्यादा कुछ नहीं कर सकता हूं क्योंकि मैं संन्यास ले चुका हूं लेकिन मैं भारत को उस मुकाम तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। हमें इसके लिए काफी काम करना होगा, लेकिन हम उस मुकाम तक जरूर पहुंचेंगे जहां हम पहुंचना चाहते हैं।'

छेत्री के 19 साल लंबे करियर के दौरान भारत एशिया में शीर्ष 20 में रहा है लेकिन शीर्ष 10 में नहीं पहुंच सका। इस समय भारत एशिया में 22वें और दुनिया में 124वें स्थान पर है। जुलाई 2023 में भारतीय टीम फीफा रैंकिंग में शीर्ष 100 में पहुंची थी। डूरंड कप के बारे बात करते हुए छेत्री ने कहा, 'जब मैं दिल्ली के क्लब के लिए खेलता था तो मुझे पहचान मिली थी। यह एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि भारतीय फुटबॉल का इतिहास और परंपरा इससे जुड़ी है।'






## फिल्म और ओटीटी डेब्यू में अंतर पर रितेश ने की बात

हिंदी और मराठी फिल्मों के जाने-माने कलाकार रितेश देशमुख ने साल 2003 में तुझे मेरी कसम से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। वह बॉलीवुड फिल्मों में ज्यादातर बार कॉमेडी करते दिखे हैं, जिसमें उन्हें काफी पसंद भी किया गया है। हालांकि, उन्होंने फिल्म एक विलेन में खलनायक का किरदार निभा कर दर्शकों को काफी प्रभावित किया था। अब वह एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने आ रहे हैं। इस वक्त वह अपनी पहली ओटीटी सीरीज पिल को लेकर चर्चा में हैं। इस सीरीज से वह ओटीटी डेब्यू करने वाले हैं। हाल में ही उन्होंने फिल्म और ओटीटी डेब्यू को लेकर बात की है।

रितेश देशमुख ने फिल्म तुझे मेरी कसम से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। इसके बाद से उन्होंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा है। इस दौरान वह कई बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रहे। हिंदी और मराठी फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखरेने के बाद वह अब जल्द ही पिल से अपना ओटीटी डेब्यू करने वाले हैं। इसमें वह एक मेडिकल ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगे। इस सीरीज का प्रीमियर बहुत जल्द होने वाला है। अभिनेता ने दो दशक पहले बड़े पर्दे पर डेब्यू किया था और अब वह ओटीटी में भी डेब्यू करने वाले हैं। हाल में ही उन्होंने बड़े पर्दे और ओटीटी पर डेब्यू करने के अंतर को लेकर बात की है। एक इंटरव्यू के दौरान रितेश देशमुख ने अपनी डेब्यू फिल्म के अनुभव को याद किया। उन्होंने कहा कि उस समय उन्हें नहीं पता था कि वह क्या कर रहे हैं। उन्होंने तब वही किया, जो उन्हें करने के लिए कहा गया था। हालांकि, उन्होंने कहा कि ओटीटी डेब्यू उनके लिए पहले से अलग है। उन्होंने कहा कि यह एक खास तरहे के अनुभव के साथ आ रहा है। उन्होंने बताया कि अब वह पहले की तुलना में अपने काम में ज्यादा बेहतर हैं और फिल्म निर्माण से जुड़े हर पहलू को गहराई से समझते हैं। अभिनेता ने आगे बताया कि वह लंबे समय से ओटीटी की दुनिया में कदम रखने को उत्सुक थे, लेकिन उन्हें सही स्क्रिप्ट और विषय नहीं मिल रहा था। हालांकि, उन्हें जब निर्देशक राजकुमार गुप्ता और निर्माता रॉनी स्क्रूवाला की पिल ऑफर हुई, तो उन्हें लगा कि यह उनके लिए सबसे बेहतर मौका होगा। उन्होंने कहा कि पिल अव्यवस्था पर गहरी चोट करने वाला शो है। बताते चलें कि पिल ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर जारी होने वाला है। यह सीरीज 12 जुलाई को जियो सिनेमा पर रिलीज किया जाएगा।



# अब सिर्फ 15 दिन गाना चलता है, लोग रील्स बनाते हैं और फिर भूल जाते हैं

सिंगर, कंपोजर और म्यूजिशियन शिबानी कश्यप फिल्म इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। हाल ही में उन्होंने खास बातचीत की

**आपको संगीत की दुनिया में लंबा वक्त हो गया है। अपने इस सफर को आप किस तरह देखती हैं?**


मैं शुक्रगुजार हूं कि मेरा सफर काफी लंबा है और अभी तक चल रहा है। मैंने 1996 में ऑल इंडिया रेडियो एफएम की सिग्नेचर ट्यून के साथ करियर शुरू किया था। 1998 में मेरा पहला गाना आया 'हो गई है मोहब्बत'आया, जो काफी हिट हुआ। अगर आज तक लोग उस गाने को याद करते हैं, तो लगता है मेरा गाना सफल हो गया। फिर मैंने फिल्म 'वैसा भी होता है' के गाने 'सजना आ भी जा' से बॉलीवुड में एंट्री की। मेरे इन गानों को आज भी सुना जाता है। भारत ही नहीं, बल्कि मैं दूसरे देशों में भी भारत का प्रतिनिधित्व करती हूं। भारत की आजादी मनाने के लिए मैं न्यू यॉर्क डे परेड में हर साल परफॉर्म करती हूं। मुझे अपना नया कंटेंट क्रिएट करने पर खुशी होती है। मैं ज्यादा कुछ प्लान नहीं करती। मेरा मानना है कि जब आप ज्यादा प्लान करते हैं और चीजें पूरी नहीं होती, तो निराशा होती है।

**कुछ ही अरसे में चीजों को भुला देने वाले इस दौर में आपके गानों को आज भी याद किया जाता है। इसके पीछे आप क्या वजह मानती हैं? आज के गानों के बारे में आपकी क्या राय है?**

ये मेलोडी होती है। जब आपकी मेलोडी और गीत अच्छा हो और आप उसे मन से गाओ तो ऐसा जरूर होता है। कुछ म्यूजिकल फ्रीक्वेंसी और मेलोडी होती हैं, वह आपके जहन में ऐसे रह जाती है कि जाती ही नहीं हैं। फिर वह लोगों के अंदर समा जाती है। आजकल के संगीत में कुछ बहुत अच्छा है, तो कुछ संगीत ऐसा भी है कि आपने एक गाना सुना और सारे गानों में उसी की नकल की। वह बस एक-दूसरे की नकल है। गानों में लय की कमी है। अगर आपके गानों में भाव ही नहीं होंगे, तो वह नहीं चलेगा। बॉलीवुड का गाना लग जा गले पूरे दुनिया भर में सबसे ज्यादा मशहूर और पसंद किया जाने वाला गाना है। लता जी का गाना रहें ना रहें सुनते ही आपकी आंखों में आंसू आ जाते हैं। अगर यही इमोशन आज के गानों में हो, तो वो बहुत लंबे चलेंगे। पर आजकल 10-15 दिन वो गाना चलता है, लोग डांस करते हैं, उन पर धड़ाधड़ रील्स बनाते हैं। फिर कुछ दिनों बाद लोग उन्हें भूल जाते हैं और कोई नहीं सुनता। इसलिए गानों में जान डालना जरूरी होता है।

**आप अलग-अलग देशों में परफॉर्म करती हैं। आप भी कभी दूसरे देश में बसने के बारे में सोचती हैं?**

बदलाव हमेशा बेहतर होता है। बाहर जाकर हम उस जगह की नई चीजें सीखते हैं, लेकिन घर तो घर होता है। भारत जैसा देश कहीं नहीं है। मैं अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया, हाल ही में उज़्बेकिस्तान भी गई। लेकिन यहां कुछ ऐसा है, जो दिल से जुड़ा है और इसकी जगह कोई नहीं ले सकता। लोगों में देशभक्ति की भावना बदली नहीं जा सकती। मैं उन सभी जगहों की इज्जत करती हूं, लेकिन वहां बसना और रहने का मैंने कभी ऐसा सोचा नहीं, क्योंकि मेरा दिल नहीं मानता।




## करण जौहर का छलका दर्द, बोले पैरेंटिंग आसान नहीं है

करण जौहर बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, निर्माता, लेखक, कॉस्ट्यूम डिजाइनर, अभिनेता और टीवी होस्ट हैं। वह रूही जौहर और यश जौहर के बेटे हैं। वह धर्मा प्रोडक्शन्स कंपनी के कर्ता-धर्ता भी हैं। निर्देशक करण जौहर रूही और यश के सिंगल पैरेंट हैं, जिनका उन्होंने 2017 में सरोगेसी के जरिए स्वागत किया था। हाल ही में, फिल्म निर्माता ने साझा किया कि उनके बच्चे अब उनसे अपनी मां के बारे में सवाल पूछते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में करण ने कहा, यह एक आधुनिक परिवार है। यह एक अलग परिस्थिति है, इसलिए अब मैं भी बच्चों के इस सवाल से जूझ रहा हूं कि वह किसके पेट से पैदा हुए? लेकिन मम्मा सच में मम्मा नहीं हैं, वह दादी हैं। मैं स्कूल जा रहा हूं, काउंसलर के पास, यह पूछने के लिए कि हम इस स्थिति से कैसे निपटें? और यह आसान नहीं है, माता-पिता बनना कभी आसान नहीं होता। इसके अलावा, करण ने कहा कि वह अपनी असुरक्षाओं को अपने बेटे पर थोप रहे हैं। उन्होंने खुलासा किया कि जब वह अपने बेटे को चीनी खाते और वजन बढ़ते देखते हैं, तो उन्हें उसके बारे में चिंता होने लगती है। करण कहते हैं कि वह अपने बेटे को क्रिकेट या फुटबॉल खेलने और वे सभी चीजें करने के लिए कहते हैं जो उन्होंने नहीं कीं। करण ने कहा, मुझे ऐसा माता-पिता नहीं बनना चाहिए। मैं चाहता हूं कि मेरा बच्चा अपनी पसंद का व्यक्ति बने, मेरी बेटी और मेरा बेटा दोनों। फिल्म निर्माता ने साझा किया कि उन्होंने अपने बेटे को डांट लगाई थी, लेकिन बाद में उन्होंने इसके लिए माफी भी मांगी।

## मां के साथ अपने भावनात्मक जुड़ाव पर बोले सनी सिंह

अपकमिंग फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब की रिलीज की तैयारी कर रहे एक्टर सनी सिंह ने अपनी मां के साथ अपने भावनात्मक जुड़ाव के बारे में खुलकर बात की। जब उनसे पूछा गया कि यह फिल्म उनके लिए क्यों खास है, तो सनी ने भावुक होते हुए कहा कि यह मेरी मां के लिए मेरी सबसे खास और महत्वपूर्ण फिल्म है। रिलीज से पहले ही उनका निधन हो गया, लेकिन उन्होंने इसका हर सीन देखा था। उन्होंने कहा कि जब भी फिल्म के बारे में बात होती थी तो वह उत्साहित हो जाती थीं, वह पूछती थी कि फिल्म कब शुरू हो रही है? या तुम कब जा रहे हो? एक्टर ने कहा कि उनकी मां इस फिल्म को लेकर सबसे ज़्यादा उत्साहित थीं। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए हमेशा खास रहेगा। लव (रंजन) सर भी जानते हैं कि यही वजह है कि मैं इस फिल्म से भावनात्मक रूप से इतना जुड़ा हुआ हूं। इसके अलावा, इस फिल्म में अन्य कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए अपने परिवार के साथ काम करने जैसा था। सिमरप्रीत सिंह द्वारा निर्देशित वाइल्ड वाइल्ड पंजाब एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जो अपने दोस्तों के साथ ब्रेकअप रोड ट्रिप पर जाता है। फिल्म में वरुण शर्मा, जस्सी गिल, मनजोत सिंह और पत्रलेखा भी हैं। यह 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।





## प्रियंका मोहन ने शुरू की सारिपोधा सानिवारम की डबिंग

अभिनेता नानी लगातार हिट फिल्में दे रहे हैं। वो अब अपनी अगली फिल्म सारिपोधा सानिवारम को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री प्रियंका मोहन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में, निर्माताओं ने इस फिल्म से प्रियंका का लुक साझा किया था और अब उनसे जुड़ा एक और अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रियंका मोहन ने सारिपोधा सानिवारम के लिए अपनी डबिंग शुरू कर दी है। वो इस फिल्म में एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाते हुए दिखाई देंगी, जिसका नाम चारु होता है। इसकी जानकारी फिल्म निर्माताओं द्वारा पोस्टर जारी करके दी गई थी। उनके प्रशंसक उनका यह अवतार देखने के लिए काफी उत्सुक नजर आ रहे हैं। प्रियंका मोहन केवल सारिपोधा सानिवारम से ही सुर्खियां नहीं बटोर रही हैं, बल्कि वो ओजी फिल्म को लेकर भी चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में पवन कल्याण मुख्य भूमिका अदा कर रहे हैं। खास बात यह है कि दोनों ही फिल्मों का निर्माण डीवीवी एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है। नानी और प्रियंका मोहन इससे पहले गैंग लीडर फिल्म में साथ काम कर चुके हैं और सारिपोधा सानिवारम में दोनों दूसरी बार एक साथ परदे पर दिखाई देंगे।

## ऋचा सोनी ने 'शरारत' सीरियल से शुरू किया था करियर, आज हैं अभिनेत्रियों की टॉप की सूची में शामिल

**ऋचा सोनी एक भारतीय टेलीविजन की प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। डेली सोप 'भाग्यविधाता' में बिंदिया की भूमिका के लिए जानी जाती हैं। ऋचा 'नचले वे विद सरोज खान - सीजन 2', 'बदलते रिश्तों की दास्तान', 'जाट की जुगनी' और 'सिया के राम' जैसे शो में भी अभिनय कर चुकी हैं।**

झऋचा ने 'द साइलेंट स्टैच्यू' जैसी शॉर्ट फिल्में भी की हैं, जिसे कान फिल्म महोत्सव में दिखाया गया था। ऋचा ने शॉर्ट फिल्म 'सीजन्ड विद लव' में भी काम किया है। ऋचा एक बंगाली हैं, जिनका जन्म और पालन पोषण बिहार के मुज्जफरपुर शहर में हुआ।





# प्रभास की स्पिरिट में कोरियाई सुपरस्टार निभाएगा खलनायक की भूमिका

**प्रभास और संदीप रेड्डी वांगा के सहयोग वाली आगामी फिल्म स्पिरिट अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। फिल्म आए दिन नए अपडेट के कारण सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही है। फिल्म की शूटिंग अभी शुरू भी नहीं हुई है। इसी बीच नई रिपोर्ट ने प्रशंसकों के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है। रिपोर्ट की मानें तो, स्पिरिट में खलनायक की भूमिका के लिए इस दमदार कोरियाई-अमेरिकी अभिनेता के नाम पर चर्चा चल रही है।**

### स्पिरिट से जुड़ेंगे मा डोंग-सेओक?

जानकारी के अनुसार, कोरियाई-अमेरिकी अभिनेता मा डोंग-सेओक जिन्हें डॉन ली के नाम से भी जाना जाता है उन्हें फिल्म स्पिरिट में खलनायक के रूप में लिया जा सकता है। अगर ऐसा होता है, तो यह बड़े पैमाने की फिल्म के लिए गेम-चेंजर होगा। मा डोंग-सेओक दक्षिण कोरिया और हॉलीवुड दोनों में एक प्रसिद्ध अभिनेता हैं।

### मा डोंग-सेओक का शानदार काम

मा डोंग-सेओक ने द आउटलॉज, द गैंगस्टर, द कॉप, द डेविल, अनस्टॉपेबल, चैंपियन और ट्रेन टू बुसान जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की है। कई सुपर हिटफिल्मों में सहायक किरदारों से लेकर खलनायक तक उनकी भूमिकाएं अलग-अलग हैं। विशेष रूप से मार्शल आर्ट फिल्मों के एक्शन दृश्यों में उनके कौशल का प्रदर्शन काबिल-एक तारीफ रहा है।

## वेट्टैयन के बाद कुली में रजनीकांत के साथ काम करेंगे फहद फाजिल

सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। रजनीकांत ने फिल्म की शूटिंग में शुरू कर दी है। फिल्म की शूटिंग हाल ही में हैदराबाद में हो रही है, जिसमें श्रुति हासन भी शामिल हुईं। फिल्म को लेकर छोटी से छोटी जानकारी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। हालांकि, फिल्म के अन्य कलाकार के बारे में निर्माताओं की ओर से जानकारी नहीं आई है। ऐसे में अब सोशल मीडिया पर एक और अभिनेता के फिल्म में शामिल होने की खबरें आ रही हैं। यह अभिनेता कोई और नहीं बल्कि फहद फाजिल हैं। सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें फैलीं कि मलयालम स्टार फहद फाजिल ने वेट्टैयन के बाद सुपरस्टार रजनीकांत के साथ एक और फिल्म साइन की है। ऐसे में लोगों का मानना है कि कुली के निर्देशक लोकेश कनगराज ने कमल हासन की विक्रम में फहद के साथ काम किया था और वे उन्हें कुली के लिए साइन करने के इच्छुक थे। वे पहले से ही आवेशम के अभिनेता फहद के साथ बातचीत कर रहे थे। ऐसे में अब अफवाह है कि फहद वेट्टैयन के साथ-साथ कुली में भी रजनीकांत के साथ काम कर सकते हैं।



# हवन व प्रार्थना कर राजनाथ सिंह के दीर्घायु की कामना की





**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-12 शिव मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर हवन किया। इस दौरान उन्होंने भगवान से श्रीराजनाथ के दीर्घायु होने की कामना की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने उनके नाम पर पौधारोपण भी किया।

इस मौके पर भाजपा के नोएडा महानगर महामंत्री डिंपल आनंद, वरिष्ठ नेत्री पूनम सिंह, मंडल सहप्रभारी अशोक मिश्रा, मंडल प्रभारी कमलेश मीणा, गोपाल चौहान, कोषाध्यक्ष मंजू शर्मा, संयोजक श्यामा पॉल, बूथ अध्यक्ष नीतू चौहान ,धर्मेंद्र,शीतल गुप्ता ,सुमन सिंह ,आरती झा, संयुक्ता राय, माया रावत, प्रदीप शर्मा, मंडल महामंत्री सुरेंद्र सिंह बिष्ट, मदन शर्मा, सजीवन, नवाब चौधरी, रेखा, सुनीता, बबीता कुमारी आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त लेखपालों को दिए गए नियुक्ति पत्र

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद गौतमबुद्धनगर में नव चयनित लेखपालों को



नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लेखपालों को दिए गए नियुक्ति पत्र कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन लखनऊ में आयोजित मिशन रोजगार कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 7720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

इसी कड़ी में कलेक्ट्रेट सभागार सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में भी नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें जेवर क्षेत्र के विधायक धीरेंद्र सिंह, दादरी क्षेत्र के विधायक तेजपाल नागर, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान उपस्थित रहे। इस दौरान जनपद के 12 नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सभी विधायकों ने नव चयनित लेखपालों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी नव चयनित लेखपाल अपने जिम्मेदारियां का निर्वहन बड़ी ही ईमानदारी के साथ करते हुए समाज के लोगों का कार्य निर्धारित समय अवधि में करने का काम करें।

जिलाधिकारी ने नव चयनित लेखपालों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आप लोगों को कार्य क्षेत्र आवंटित कर दिए गए हैं, आप सभी कार्यभार ग्रहण कर अपने दायित्वों का बहुत ही निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा नव चयनित लेखपाल एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# सेक्टर-117 में ऐनिमल सेन्टर को हटाने की मांग



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-117 आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने प्रस्तावित ऐनिमल सेन्टर को हटाने के लिए नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक आरके शर्मा से मुलाकात की तथा उन्हें ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर आरडब्लूए अध्यक्ष कोसिंदर यादव, सचिव हर्ष मोहन तथा कोषाध्यक्ष एके पाठक ने आर.के. शर्मा से मांग की कि सेक्टरवासियों को होने वाली दिक्कतों के मददेनजर ऐनिमल सेंटर को कहीं और स्थानांतरित किया जाए।

इस मौके पर आरडब्ल्यूए ने कहा कि ऐनिमल सेन्टर बनने से दुर्गन्ध व कुत्तो के अधिकांश समय भौंकने के कारण होने वाले शोर-शराबे के कारण वेसै भी रहां रहना मुश्किल हो जायेगा।

## क्राइम फाइल

### गुलेल गैंग ने तोड़ा कार का शीशा, लैपटॉप, मोबाइल साफ

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के अजनारा होम्स के पास एक व्यक्ति की कार का शीशा तोड़कर चोरों ने लैपटॉप व आईफोन चोरी कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

इंदिरा कॉलोनी निवासी निशिकांत ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह ग्रेटर नोएडा स्थित अपने ऑफिस जा रहा था। रास्ते में अजनारा होम्स के सामने वह अपनी कार खड़ी कर एचडीएफसी बैंक में किसी काम से चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी कार का शीशा टूटा हुआ था। चोर कार में रखे लैपटॉप व आईफोन 14 प्रो मोबाइल को चोरी कर ले गए।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

### सोलर प्लेट व कंट्रोलर चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जेवर क्षेत्र से चोर खेत में लगे सोलर स्ट्रक्चर से प्लेट्स व कंट्रोलर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बा जेवर निवासी मोहम्मद फराहीम खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपने खेत पर 3 एचपी का सोलर समरसेबल पंप लगाया हुआ है। 3 जुलाई की रात्रि को अज्ञात चोरों ने उसका खेत में लगे सोलर स्ट्रक्चर से सोलर प्लेट व कंट्रोलर चोरी कर लिया। चोरी की जानकारी मिलने पर उसने आसपास चोरी गए सामान की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर किया जांच की जा रही है।

### बंगाल से गांजा लाकर बेचती थी महिला, गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-63 पुलिस ने एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 17 किलो गांजा बरामद हुआ है। पकड़ी गए महिला बंगाल से गंजा लाकर उसकी बिक्री करती है।

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर कर रही थी। इस दौरान सेक्टर-63 में ग्रीन बेल्ट में बने सरकारी नलकूप के पास एक महिला बैठी हुई थी। पुलिस को देखकर वह सकपका गई। संदेह के आधार पर उसके पास रखे प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी ली गई तो उसमें से गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में महिला ने अपना नाम रहीम बीवी पत्नी लतीफ मियां निवासी झुग्गी-झोपड़ी आम्रपाली ग्रीन वैली बताया। पकड़ी गई महिला मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाली है पूछताछ में महिला ने स्वीकार किया कि वह बंगाल से गांजा लाकर उसकी बिक्री करती है। महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

### चोरी की बाइक के साथ दबोचा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई है।

थाना प्रभारी विद्युत गोयल ने बताया कि पुलिस टीम नट मढैया गोल चक्कर पर संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी की सेक्टर सिग्मा की तरफ से एक बदमाश चोरी की बाइक पर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बाइक सवार को रोकने का इशारा किया।

पुलिस को देखकर बाइक सवार पीछे मुड़कर भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया। पूछताछ में बाइक सवार ने अपना नाम प्रमोद पुत्र राजपाल निवासी ग्राम मेडू थाना हाथरस बताया। प्रमोद ने बताया कि उसने यह बाइक 2 महीने पहले दिल्ली से चोरी की थी। पुलिस से बचने के लिए उसने बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगा ली थी। पुलिस पकड़े गए आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगालने में लगी हुई है।

# 21 को होगा उप्र युवा व्यापार मंडल का चुनाव

## 30 को शपथग्रहण समारोह, 5 भामाशाह होंगे सम्मानित : विकास जैन

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की चुनाव समिति की बैठक कल



देर रात्रि सम्पन्न हुई। अग्रसेन भवन सेक्टर 33 नोएडा में आयोजित चुनाव समिति ने घोषणा की कि 21 जुलाई को सभी पदों का चुनाव प्रदेश स्तर पर होगा।

चुनाव अधिकारी मूलचंद गुप्ता ने कहा कि अब तक हमारे पास 16 जिलों से नामांकन प्राप्त हो चुके हैं। सभी जिलों में पाँच पाँच पदों का चुनाव होगा। अब तक 102 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। चुनाव अधिकारी मूल चंद गुप्ता ने बताया कि इस बार के चुनाव द्विवर्षीय होंगे और अग्रसेन भवन नोएडा में आयोजित किए जायेंगे।

वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि चुनाव के बाद शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम 30 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। इस समारोह को व्यापारी सम्मान दिवस के रूप में नोएडा आयोजित किया जाएगा।

नंदगोपाल नंदी औद्योगिक विकास मंत्री सुरेश कुमार खन्ना वित् मंत्री उत्तर प्रदेश कार्यक्रम में मुख्य रुप अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। स्वागत अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा रहेंगे। प्रदेश महामंत्री प्रवीण गर्ग ने बताया कि इस बार नोएडा में व्यापारी सम्मान समारोह उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस समारोह में प्रदेश के पाँच भामाशाहो को सम्मानित किया जाएगा।

मीटिंग में मुख्य रूप से व्यापार मंडल के संरक्षक सुभाष चन्द्र गर्ग जिला अध्यक्ष लघु अग्रवाल प्रदेश सचिव मनीष शर्मा जिला सचिव सिवा चौहान रवि शर्मा दीपक गर्ग मोतीराम जय मंत झा सुरेंद्र कुमार गर्ग निधि सहाय श्रेया शर्मा रघुनाथ सिंह विनीत नागर गौरव सिंगल परम चौहान संदीप गुप्ता महकार डेढा और वीरेंद्र मेहता ज्ञान चंद अग्रवाल हिमांशु मित्तल मेडिकल एसोसिएशन से सुरेंद्र सिंह व अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

# तीन दिवसीय कैम्प में फिटनेस सर्टीफिकेट ले लें स्कूल बस संचालक

## फिटनेस के बिना बसें चली तो होगी कार्रवाई : डा. सियाराम वर्मा

**नोएडा (चेतना मंच)।** परिवहन विभाग की चेतावनी तथा कार्रवाई के बाद भी अभी जनपद गौतमबुद्धनगर में 183 स्कूली वाहनों का फिटनेस सर्टीफिकेट नहीं है। फिर भी ऐसे वाहन चल रहे हैं तथा अवैध रूप से स्कूली बच्चों को ढो रहे हैं।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) डा. सियाराम वर्मा ने बताया कि फिटनेस समाप्त हो चुके स्कूली बसों के संचालक 10 जुलाई से शुरू कैंप में फिटनेस सर्टीफिकेट हासिल कर लें। ऐसा न होने पर उनको परमिट जारी नही होंगे। परमिट के बिना स्कूली वाहन यदि सड़कों पर संचालित पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि यह कैंप 12 जुलाई तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि फिटनेस समाप्त स्कूल वाहनों को नोटिस भी जारी किया गया है। इस दौरान चलाये जा रहे अभियान के तहत तथा 40 वाहनों के खिलाफ कार्रवाही भी की जा चुकी



है।

एआरटीओ डा. वर्मा ने चेतावनी दी कि फिटनेस समाप्त स्कूली बसों के संचालक तीन दिवसीय कैंप में वाहनों की जांच कराकर फिटनेस सर्टीफिकेट प्राप्त कर लें वर्ना। वे सड़कों पर बस नहीं चला जाएंगे।